www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

27 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 216


सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस का महाधरना



# डेढ़ दर्जन जवानों की हत्या और शहीद के पेट में बम प्लांट करने वाला नक्सली ढेर

## ■ पुलिस ने नक्सली मनीष को मार गिराया | ■ मनीष पर पांच लाख रुपये का था इनाम | ■ दस लाख रुपये का इनामी नक्सली कुंदन खेरवार गिरफ्तार

- लातेहार के जंगल में रात भर चली मुठभेड़
- दो एक्स-95 ऑटोमेटिक राइफल भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार/महुआडांड़।** लातेहार जिला के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के करमखाड़ और दौना के बीच रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस ने पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली मनीष यादव को मार गिराया है। वहीं, दस लाख रुपये का इनामी नक्सली कुंदन खेरवार भी गिरफ्तार किया गया।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी



प्राप्त जानकारी के अनुसार लातेहार पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड़ थाना क्षेत्र के करमखाड़ और दौना के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गयी और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस को यह सफलता हासिल हुई।

### दोनों की गिनती खूंखार नक्सलियों में थी

मारे गये नक्सली मनीष यादव और गिरफ्तार कुंदन खेरवार खूंखार नक्सलियों में गिना जाता था। डेढ़ दर्जन से अधिक जवानों की हत्या और शहीद जवान के पेट मे बम प्लांट करने में दोनों नक्सली शामिल था। मनीष यादव चर्चित कटिया मुठभेड़ का भी आरोपी था। कटिया मुठभेड़ में ही सीआरपीएफ जवान के पेट में बम प्लांट किया गया था और 13 जवान शहीद हुए थे। मनीष यादव बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के चक्रबंधा का रहने वाला था। वहीं, कुंदन लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के माइल मटलौंग का रहनेवाला है।

पुलिस ने मौके से दो एक्स-95 ऑटोमेटिक राइफल भी बरामद की है। मुठभेड़ के बाद भी पुलिस की ओर से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पलामू डीआइजी वाइएस रमेश ने नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है।

बताते चलें कि लातेहार पुलिस ने दो दिन पहले ही जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू को मुठभेड़ में मार गिराया था।

# पीएम मोदी ने पाकिस्तान को दी चेतावनी, चैन से दाल-रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तैयार

- भुज में रोड शो के बाद पाकिस्तान पर गरजे प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। भुज में सोमवार को उन्होंने कहा कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही। इससे पहले, दाहोद में पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।

**पाकिस्तान के लोगों को सोचना होगा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पाकिस्तान की हालत क्या है। आज पाकिस्तान के बच्चों-लोगों को सोचना होगा कि आपकी सेना, आपके हुक्मरान आतंक के साये में पल रहे हैं। आपकी सरकार आतंकवाद को समर्थन दे रही है। उनकी सेना के लिए यह पैसा कमाने का जरिया बन गया है। वे आपके भविष्य को नष्ट कर रहे हैं। आपको अंधेरे में धकेल रहे हैं। पाकिस्तान की अवाम को आगे आना होगा।

**वड़ोदरा, दाहोद और भुज में किया रोड शो :** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह पहले वड़ोदरा, फिर दाहोद और इसके बाद भुज पहुंचे। तीनों जगह उन्होंने रोड शो किया। दाहोद और भुज में जनसभा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भुज में 53,400 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का शिलान्यास और इ-लोकार्पण भी किया। वडोदरा में पीएम मोदी के रोड शो में कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।



### जो बहनों के सिंदूर को मिटायेगा, तो उसका मिटना तय

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप बताइये, ऐसे हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटायेगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। मोदी ने कहा कि 9 मई की रात को कच्छ की सीमा पर भी ड्रोन आये थे। वे (पाकिस्तान) 1971 की जंग भूल गये। कच्छ की माताओं-बहनों ने धूल चटा दी थी। कुछ घंटों में उन्होंने यह रनवे तैयार कर दिया था। कच्छ की उन्हीं माताओं-बहनों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मुझे उन्होंने सिंदूर का पौधा दिया है। आपका दिया हुआ यह पौधा अब पीएम हाउस में लगेगा। अब यह वटवृक्ष बनेगा।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures - Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com


# 20 जिलों के डीसी बदले

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। 20 जिलों के उपायुक्त बदले गये हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| अजय नाथ झा | आदिवासी कल्याण आयुक्त | डीसी, बोकारो |
| फैज अक अहमद मुमताज | बागवानी निदेशक | डीसी, रामगढ़ |
| आदित्य रंजन | सूचना प्रौद्योगिकी एवं इ-गवर्नेंस निदेशक | डीसी, धनबाद |
| रामनिवास यादव | उच्च शिक्षा निदेशक | डीसी, गिरिडीह |
| कंचन सिंह | सीइओ, जेएसएलपीएस | डीसी, सिमडेगा |
| नमन प्रियेश लकड़ा | डीसी गिरिडीह | डीसी देवघर |
| आर रॉनीटा | निदेशक, जेएसएसी | डीसी, खूंटी |
| अंजली यादव | पर्यटन निदेशक | डीसी, गोड्डा |
| कर्ण सत्यार्थी | डीसी, गुमला | डीसी, जमशेदपुर |
| चंदन कुमार | डीसी, रामगढ़ | डीसी, चाइबासा |
| नीतिश कुमार सिंह | निदेशक, अंकेक्षण निदेशालय | डीसी, सरायकेला-खरसावां |
| प्रेरणा दीक्षित | एमडी, जियाडा | डीसी, गुमला |
| शशि प्रकाश सिंह | निदेशक, प्राथमिक शिक्षा | डीसी, हजारीबाग |
| कुमार ताराचंद | कृषि निदेशक | डीसी, लोहरदगा |
| अभिजीत सिन्हा | डीडीसी, दुमका | डीसी, दुमका |
| कीर्ति श्री जी | एमडी, झारक्राफ्ट | डीसी, चतरा |
| ऋतुराज | डीडीसी, कोडरमा | डीसी, कोडरमा |
| समीरा एस | निदेशक, बाल संरक्षण संस्था | डीसी, पलामू |
| रवि आनंद | संयुक्त सचिव, कार्मिक | डीसी, जामताड़ा |
| दिनेश कुमार यादव | डीडीसी, रांची | डीसी, गढ़वा |

# जैक बोर्ड की 10वीं परीक्षा का रिजल्ट आज निकलेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 27 मई को मैट्रिक का रिजल्ट जारी करेगा। रांची में जैक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दिन के 11.30 बजे जारी करेंगे। जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। वहीं शिक्षा सचिव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। परीक्षाफल जारी होने के पश्चात जैक के वेबसाइट से 12:30 बजे के बाद रिजल्ट विद्यार्थी देख सकते हैं।

# सीएम हेमंत आज करेंगे विधि व्यवस्था की समीक्षा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में दिन के दो बजे से विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा करेंगे। इसमें मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव गृह वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के अलावा डीजीपी अनुराग गुप्ता शामिल होंगे। इसके अलावा राज्यभर के डीसी और एसपी वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक से जुड़ेंगे। बैठक में विधि व्यवस्था के अलावा संदर्भित अन्य विषयों पर समीक्षा की जायेगी।


Affiliation No. : 3430625 School No. : 66756
SEVEN STARS ACADEMY
Affiliated to CBSE, New Delhi. Sr. Secondary Level up to 12th
(A Co-educational English Medium Academy)
An ISO 9001-2015 Certified Academy



ADMISSION GOING ON
Session: 2025-26
Std. XI (Science, Commerce & Humanities)
Left and Vacant Seats are Available for Pre - Nursery to Std. IX.
Academic Excellence
Best Class Infrastructure
Computer Course- Robotics, Codding, AI
Extra Curricular Activities
Computer
Marital Art
Art & Music
Mandap Toli, Hehal, Ranchi - 834005 (Jharkhand)
0651-3500317, 9334173672
sevenstarsacademy0011@gmail.com www.sevenstarsacademy.co.in



झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक
ग्राहक सेवा केंद्र
सोनाहातु, जामुदाग
संचालक - मधुसूदन मंडल
Mob.: 8409430134
विशेष शुविधाएं !
झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में दी जाने वाली सुविधाएं जनधन योजना अकाउंट खोला जाता है, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की सुविधा उपलब्ध है।
AEPS के माध्यम से जमा एवं निकासी की सुविधा
CSP Code : ISPR4580 | CSP Name : Madhu Sudan Mandal | CSP Location : Jamudag
Link Branch Code : 458 | Link Branch Name : Jamudag | CSP Mob.: 8409430134
यहाँ सभी तरह के ऑनलाईन कार्य किये जाते हैं ।



FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक पटाखा गली, श्रीराम नगर गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?..................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# लालू यादव के उसूल, उनके आदर्श और नैतिकता चर्चा का विषय

- बड़े बेटे तेज प्रताप को नैतिकता के आधार पर बेदखल करना बहुतों को पच नहीं रहा
- राजद सुप्रीमो को अब नैतिकता की याद आ रही, पहले तो कभी नहीं आयी, जब बिहार की रूह कांप जाती थी
- तेज प्रताप यादव को तो बेदखल कर दिया, ऐश्वर्या के घावों का प्रायश्चित कब करेंगे
- राजनीति भी अजीब खेल है, किसी खास अपने के लिए अपनों की ही बलि देना पुरानी प्रथा है
- वैसे बिहार में चुनाव है, भाजपा के पास 'ब्रह्मोस' है, तो लालू के पास नैतिकता वाली 'मिसाइल' तो नहीं

आजाद सिपाही विशेष

**बिहार के प्रमुख राजनीतिक परिवार, यानी राजद सुप्रीमो लालू यादव का परिवार इस समय चारों तरफ चर्चा में है। यह चर्चा परिवार को मुखिया लालू यादव के एक फैसले के कारण हो रही है, जिसमें उन्होंने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को परिवार और पार्टी से निष्कासित कर दिया है, क्योंकि तेज प्रताप ने कथित तौर पर अनुष्का यादव नामक एक महिला से अपने रिश्ते की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार की थी, जबकि उनका अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय से तलाक का मामला अदालत में लंबित है। लालू यादव ने 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्यों' की दुहाई देकर तेज प्रताप को परिवार से निष्कासित तो कर दिया है, लेकिन परिवार के अंदरूनी मामलों को सड़क पर लाकर उसका तमाशा बना दिया है। इतना ही नहीं, अब तो राजद सुप्रीमो से यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि यह नैतिकता उस समय कहां थी, जब बिहार में सरेआम लूट-खसोट हो रही थी, महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही थी और भ्रष्टाचार चरम पर था। कई लोग यह भी कह रहे हैं कि लालू यादव का परिवार चुनाव पास आने के चलते मिलकर ड्रामा रच रहा है। इन सवालों से ऊपर सबसे बड़ा सवाल यह है कि अपने परिवार की नैतिकता की खाई में उस ऐश्वर्या राय को क्यों धकेला गया, जिसे तेज प्रताप ब्याह कर लाये थे। क्या यही लालू परिवार की नैतिकता है। इन सवालों के जवाब भले ही तत्काल नहीं मिलें, लेकिन बिहार और देश भर के लोग इसे लेकर कभी चुप नहीं होंगे। बिहार में इसी साल विधानसभा का चुनाव है और चर्चा यह है कि लालू की नैतिकता इसलिए अभी जगी है, क्योंकि वह इसे भाजपा के 'ब्रह्मोस' के सामने 'मिसाइल' के रूप में इस्तेमाल करने का मन बनाये हुए हैं। क्या है लालू परिवार का पूरा मामला और कौन से सवाल उठ रहे हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

शुक्र है कि यह सोशल मीडिया का दौर है। शुक्र है कि बिहार जंगल राज से काफी आगे निकल चुका है। वरना इंतजाम तो तेज प्रताप यादव की 'लव स्टोरी' को हैकिंग और एआइ के दावों में दफना देने की थी। आशंका अनुष्का के अभिषेक हो जाने की थी। पर नेटिजंस ने तेज प्रताप यादव और अनुष्का की तस्वीरों/वीडियो की बाढ़ लाकर लालू प्रसाद यादव और राजद को मजबूर कर दिया। सवाल यह नहीं है कि ये तस्वीरें/वीडियो लीक कैसे हुईं? किसने की? क्यों की? सवाल है कि सब कुछ जानते हुए भी ऐश्वर्या राय के जीवन को तमाशा क्यों बनाया गया? इसी सवाल को दबाने के लिए लालू यादव ने 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्यों' का बुर्का ओढ़कर तेज प्रताप यादव को परिवार और पार्टी से 'बेदखल' करने का ऐलान किया है। संभव है कि बिहार में विधानसभा चुनाव के पूर्ण होते ही इस बेदखली की समय सीमा भी समाप्त हो जाये, लेकिन लालू यादव का पाखंड इस बात से भी उजागर होता है कि जिस 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्यों' का हवाला देकर वे स्वजातीय अनुष्का यादव को ठुकरा रहे हैं, उन्हीं नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों के साथ उन्होंने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव की पत्नी के तौर पर इसाइ महिला रचेल गोडिन्हो को राजश्री बनाकर कबूल किया है। फिर अपनी ही स्वजातीय अनुष्का यादव को सार्वजनिक तौर पर बड़े बेटे की पत्नी के तौर पर स्वीकार करने में उनकी कौन सी 'नैतिकता', कौन से 'पारिवारिक मूल्य' आड़े आ गये? इस रिश्ते को स्वीकार करने से तो उनकी कथित 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्य' के साथ-साथ राजद की आधार जाति को भी मजबूती मिलती। यदि ऐसा न भी होता, तो सब जानते हैं कि राजनीतिक तौर पर तेज प्रताप यादव को न तो लालू यादव के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता है और न ही उनका वैसा राजनीतिक प्रभाव है। उन्होंने कुछ मौकों पर पार्टी को हांकने की कोशिश की, इस कोशिश में जगदानंद से लेकर रघुवंश बाबू तक को रेल गये, फिर भी खुद को न पार्टी में और न जनता की नजर में एक नेता के तौर पर स्थापित कर पाये। आश्चर्यजनक तौर पर जब राजद के इन बुजुर्ग नेताओं को सार्वजनिक तौर पर तेज प्रताप यादव ने अपमानित किया, तब भी लालू यादव की 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्यों' को कोई खतरा नहीं दिखा।



## तब कहां थी लालू की यह 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्य'

लालू यादव की यह 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्यों' तब भी न जगे, जब चंदा बाबू के बेटों को तेजाब से नहला दिया गया। नहलाने वाले को वे संसद में भेजते रहे। तब भी न जगी, जब जंगल राज में फल-फूल रहे अपहरण उद्योग को खाद-पानी देने के लिए बिहार के लोगों के बच्चे उठाये गये। तब भी न जगी, जब एक शादी के लिए शोरूम से फर्नीचर से लेकर गाड़ी तक जबरन उठा लिये गये और कारोबारी बिहार को छोड़कर चले गये। तब भी न जगी, जब एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा कर नरसंहार करवाये गये और सैकड़ों बच्चे अनाथ हो गये।

## यह पारिवारिक राजनीति का हिस्सा तो नहीं

फिर अचानक से सजायाफ्ता लालू यादव के 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्य' एक प्रेम की स्वीकारोक्ति पर क्यों और कैसे जग उठी? इन्हीं सवालों का जब आप जवाब खोजते हैं, तो पता चलता है कि लालू यादव जिस 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्य' की बात कर रहे हैं, असल में वह खोट पर खड़ी है। तेजस्वी यादव से लेकर रोहिणी आचार्य तक पापा के जिन मूल्यों की दुहाई दे रहे हैं, वह पारिवारिक राजनीति में एक कांटा के साफ होने की खुशी से अधिक कुछ भी नहीं दिखती।

सब जानते हैं कि बेटे ही नहीं, बल्कि बेटियों को भी राजनीति में सेट करने का लालू यादव पर भारी दबाव है। मीसा भारती के बाद अब रोहिणी आचार्य को विरासत में हिस्सा चाहिए। चंदा यादव, रागिनी यादव, हेमा यादव, अनुष्का राव और राजलक्ष्मी यादव भी अपना हिस्सा पाने के लिए लाइन में लगी हुई हैं। सबको सेट करने के लिए चाहिए सत्ता। बिहार की सत्ता। ऐसे में जिस तरह से तेज प्रताप यादव की लव स्टोरी सार्वजनिक हुई, जिस तरह यह तथ्य सामने आया कि वे 12 साल से अनुष्का यादव के साथ रिलेशन में हैं, उसने लालू परिवार के उस छल को भी चर्चा में ला दिया, जो उसने 12 मई 2018 को बिहार की ही अपनी एक स्वजातीय बेटी ऐश्वर्या राय के साथ किया था।

## प्रेम करना गुनाह कैसे

न किसी से प्रेम करना गुनाह है, न पति-पत्नी के रिश्तों में कड़वाहट आने के बाद उनका अलग हो जाना असामान्य है। इसलिए 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद जब ऐश्वर्या राय को ससुराल से बेइज्जत कर निकाला गया, तब बिहार के लोग इसे लालू यादव का पारिवारिक मामला मान आगे बढ़ गये। लेकिन आज अनुष्का के साथ 12 साल पुराने रिश्ते की सच्चाई सामने आयी है, तो इसने बताया है कि असल में लालू यादव का 'पारिवारिक मूल्य' अपनी राजनीति के लिए किसी की भी बेटी की जिंदगी को तमाशा बना देना ही है। आज राजनीति पर चोट पहुंचते देख उन्होंने तेज प्रताप यादव को बेदखल किया है, क्योंकि 'माई-बहिन' की बात कर बिहार की सत्ता में लौटने का ख्वाब पाल रही राजद और लालू परिवार को इस प्रकरण ने 'माई-बहिन' की नजरों में ही नंगा कर दिया है। लालू नहीं चाहते कि बिहार की 'माई-बहिन' इस चुनावी मौसम में ऐश्वर्या के न्याय की बात करें। पर लालू यादव और उनके कुनबे को पता होना चाहिए कि ये वो बिहार है, जिसकी 'नैतिकता' और 'पारिवारिक मूल्य' उनके तरह खोटे नहीं हैं। इन सवालों के बोझ तले दफन हो जाना ही अब उनकी नियति है।

---

### तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर लगाये गंभीर आरोप

# चुनाव की वजह से लालू परिवार कर रहा ड्रामा : ऐश्वर्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लालू परिवार एक बार फिर से मुश्किलों में फंसता नजर आ रहा है। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये सब चुनाव को लेकर ड्रामा किया जा रहा है।

लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक हैं। वे अलग नहीं हुए हैं... चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया जा रहा है।




## जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था?

ऐश्वर्या राय ने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। अगर उन्हें (लालू प्रसाद यादव के परिवार को) सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली, वह सब मीडिया के जरिए मिली... मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है... उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था?

ऐश्वर्या ने कहा कि वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान है। मुझे कब न्याय मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

## लालू ने तेज प्रताप को परिवार और पार्टी से निकाला

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की थी। तेज प्रताप की अनुष्का यादव के साथ एक निजी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह सख्त कदम उठाया था। लालू यादव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करती है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। अतः मैं उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से उसकी किसी भी प्रकार की भूमिका न पार्टी में होगी, न परिवार में।

उन्होंने कहा कि तेज प्रताप अब अपने जीवन के निर्णय स्वयं लें और उनसे संबंध रखने वाले लोग भी स्वविवेक से सोच-समझकर कदम उठाएं। लालू ने यह स्पष्ट किया कि वह सदैव लोक लाज और नैतिक मूल्यों के पक्षधर रहे हैं और राजद की परंपरा भी यही रही है।पार्टी में इस निर्णय के बाद हलचल तेज हो गई है। राजद के भीतर तेज प्रताप की हालिया गतिविधियों को लेकर असंतोष पहले से ही था, जिसे अब सार्वजनिक रूप दे दिया गया है। हालांकि लालू यादव के इस कड़े कदम को आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी की छवि को सुधारने की कोशिश माना जा रहा है।

## तेज प्रताप पर क्या बोले तेजस्वी?

तेजस्वी यादव ने तेज प्रताप के वायरल पोस्ट पर स्पष्ट कहा कि यह सब उन्हें पसंद नहीं है। वहीं लालू प्रसाद के फैसले का उन्होंने समर्थन किया। पटना में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि मुझे यह सब चीजें न अच्छी लगती है और न मैं यह सब बर्दाश्त करता हूं। मैं जनता के दुख-सुख में साथ रहता हूं। उनके मुद्दों को उठाता हूं। मैं नेता विरोध हूं। बिहार के प्रति मैं समर्पित हूं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है तो मेरा मानना है कि राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग होता है। चूंकि वह बालिग हैं, इसलिए वह अपने निजी जीवन के फैसल ले सकते हैं। उन्हें अपने फैसले लेने का अधिकार हैं। उनके लिए क्या सही होगा और किस निर्णय से नुकसान होगा? इसका निर्णय वह खुद लें।

---

# लाहौर में एक-दो नहीं, बल्कि छह गनमैन कर रहे थे ज्योति मल्होत्रा की सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अरेस्ट यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब एक बड़ा खुलासा हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़े दानिश के साथ संबंधों को लेकर ज्योति मल्होत्रा पहले ही जांच एजेंसियों की रडार पर हैं। अब एक स्कॉटिश यूट्यूबर के वीडियो से खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान में ज्योति मल्होत्रा की खातिरदारी होती थी। लाहौर के दौरे में उसकी सुरक्षा में एक दो नहीं बल्कि पूरे छह गनमैन तैनात किये गये थे।

ज्योति मल्होत्रा को लेकर यह नयी जानकारी स्कॉटलैंड के एक यूट्यूबर कैलम मिल के वीडियो से सामने आयी है। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह लाहौर के अनारकली बाजार में घूम रही है। इसमें ज्योति मल्होत्रा की सुरक्षा छह गनमैन कर रहे हैं। वे सभी एके-47 लिए हुए हैं। सुरक्षाकर्मियों के बीच घिरा देख कैलम ने पूछा कि इतनी सुरक्षा की जरूरत क्यों पड़ी? स्कॉटलैंड के यूट्यूबर के वीडियो में ज्योति मोबाइल से वीडियो शूट करते दिख रही है।



### अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जायेगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिये गये थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।**

## मोबाइल फोन से डिलीट किये गये डेटा की फोरेंसिक रिपोर्ट मिली

जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल फोन से डिलीट किये गये डेटा की फॉरेंसिक रिपोर्ट पुलिस को मिल गयी है। रिपोर्ट में पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत दानिश और पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के साथ बातचीत के सबूत मिले हैं। वहीं, अभी उसके लैपटॉप की फॉरेंसिक रिपोर्ट आना बाकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ज्योति के मोबाइल से डिलीट की गयी कॉल डिटेल्स बरामद कर ली गयी हैं। इसमें दिल्ली स्थित पाक दूतावास के अधिकारी दानिश और एक पीआइओ से संपर्क की पुष्टि हुई है। इसके आधार पर पुलिस अब जांच को और गहराई तक ले जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.6 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस का महाधरना




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनगणना प्रपत्र के धर्म वाले कॉलम में अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को रांची में राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना दिया। धरने में राज्य के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता आदिवासियों के पारंपरिक वेशभूषा में कांग्रेस भवन से जुलूस के शक्ल में राजभवन पहुंचे।

महाधरना कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया एवं मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद और प्रणव झा उपस्थित थे। महाधरना के उपरांत राज्यपाल को सरना धर्मकोड लागू करने के लिए प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपा।

**राज्यपाल को सरना धर्मकोड लागू करने के लिए ज्ञापन सौंपा**

### पसंद का धर्म मानना हमारा मौलिक अधिकार : के राजू

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के राजू ने कहा कि हमारी मांग सरना धर्म कोड है। जिन राज्यों में आदिवासियों का कोई और नाम से धर्म है वहां उस हिसाब से आदिवासियों के लिए कोड हो। क्योंकि यह उनका मौलिक अधिकार है।

### भाजपा का ध्यान जल, जंगल और जमीन पर : नमन विक्सल

वहीं कांग्रेस के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सरना-सनातन एक है की बात कर आदिवासियों का हिंदुकरण करना चाहती है। दरअसल, भाजपा का ध्यान आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर है। उसे वह अपने उद्योगपति मित्रों में बांटना चाहती है।

### हर हाल में लागू हो सरना धर्म कोड : राधाकृष्ण किशोर

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इतना आंदोलन तेज करेंगे कि जातीय जनगणना की तरह केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना ही होगा। वित्त मंत्री ने चुनौती दी कि भाजपा में दम है तो 15 दिन के अंदर बिहार में जातीय जनगणना शुरू करे। वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा और उनके नेताओं को आदिवासियों के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वह सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जब तक जातीय जनगणना में अलग सरना धर्म कोड नहीं होगा तो राज्य के अनुसूचित जनजाति के 40-43 लाख लोग उस फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।

### आदिवासियों के अस्तित्व की लड़ाई : शिल्पी नेहा

सरना धर्म कोड को लेकर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब जनगणना प्रपत्र से धर्म वाले कॉलम से अन्य को हटा दिया गया है तो फिर आदिवासी समुदाय क्या करेगा? इस धर्म में वह अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आंदोलन के दम पर अलग सरना धर्म कोड लेकर रहेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि हम संविधान की बात करते हैं, सामूहिकता और मेल-जोल की बात करते हैं, लेकिन यह भाजपा और उसके नेताओं को यह पसंद नहीं है। उन्हें मनुवादी और मनुस्मृति पसंद है।

इस मौके पर लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि केंद्र की सरकार ने साजिश रचकर जनगणना प्रपत्र से अन्य वाला कॉलम को हटाया है। अब हम राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी की मांग के सामने झुकते हुए मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने को बाध्य हुई, उसी तरह सरना धर्म कोड लागू करना होगा।

### सरना धर्म कोड के लिए आंदोलन जारी रहेगा

झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार ने विधानसभा से पारित कराकर अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजा था, लेकिन भाजपा इस पर चुप्पी साधे बैठी है। राजेश ठाकुर ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार अलग सरना धर्म कोड की मांग पर घुटने नहीं टेक देती, तब तक पार्टी जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर आंदोलन जारी रखेगी। इस मौके पर आनंद बिहारी दुबे, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सोनकर, प्रमोद दुबे, भागीरथ पासवान, रवि मिश्रा, चंद्रशेखर दास, बरकातुल्ला खान, श्रीकुमार सरकार, विजय दुबे, उदय प्रकाश, शैलेंद्र यादव, मुन्ना पासवान, पंकज तिवारी, धनंजय सिंह, उमेश गुप्ता, राशीद रजा, अंबुज कुमार पांडेय, सुधीर चंद्रवंशी, मुन्ना सिंह, नवीन सिंह, रश्मि पिंगुवा, अख्तर अली, अजय सिंह, राजीव चौधरी, राजू राम सहित अन्य शामिल थे।


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# लोकसभा अध्यक्ष और राज्यपाल पहुंचे संजय सेठ के आवास, माहौल खुशनुमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सोमवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची में पंडरा स्थित आवास पहुंचे, जहां मंत्री के परिवारजनों, शहर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दोनों विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पदमश्री मुकुंद नायक, महेश पोद्दार, अजय मारू, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष धीरज महतो, भानु जलान मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, इंद्रजीत यादव, रणधीर सिंह, उमेश यादव, सुभाष अग्रवाल सहित दर्जनों विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सम्मान में रविवार को रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य सांसद, विधायक एवं विभिन्न संगठनों एवं प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिह्न भी भेंट किया।

### ओम बिरला को विदा करने एयरपोर्ट पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष

रांची एयरपोर्ट पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विदा करने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने ओम बिरला को अंगवस्त्र पहनाया और भगवान बिरसा मुंडा का प्रतीक चिह्न भेंट किया। एयरपोर्ट स्थित विशेष अतिथि कक्ष में दोनों नेताओं के बीच विधायी विषयों पर अनौपचारिक बातचीत भी हुई। बता दें कि ओम बिरला दो दिवसीय दौरे पर रांची आये थे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाये केंद्र : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की ओर से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा पर सवाल उठाया।

सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के नेता हर उस राज्य में जा रहे हैं, जहां चुनाव होने वाले हैं, लेकिन वे मणिपुर और पहलगाम नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री शामिल हुए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने केवल भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठना पसंद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बातों को नजरअंदाज किया गया और भाजपा शासित राज्यों की बातों पर अधिक ध्यान दिया गया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश दौरे पर भेजा है।

### सीजफायर के नाम पर क्यों रोका ऑपरेशन सिंदूर को

सुप्रियो ने सवाल उठाया कि इस प्रतिनिधिमंडल ने विदेश जाकर क्या हासिल किया, इसकी जानकारी सभी दलों को सार्वजनिक रूप से दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति आयोग से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

सुप्रियो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद खत्म करने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन इसे सीजफायर के नाम पर रोक दिया गया। जबकि सीजफायर आमतौर पर युद्ध के दौरान होता है। इसमें अमेरिका की भूमिका भी संदिग्ध है। क्या हम अमेरिका से डरते हैं। अमेरिका ने तो 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। फिर हम अमेरिका की बात क्यों मानें। सीजफायर की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति के इशारे पर की गयी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय सभी दल मोदी सरकार के साथ खड़े थे, इसलिए उससे जुड़ी हर बात प्रधानमंत्री मोदी को संसद के सामने रखनी चाहिए। झामुमो संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग करता है ताकि इन सभी मुद्दों पर केंद्र सरकार जनता और संसद के सामने स्पष्ट जवाब दे।

## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

# राज्य सरकार को उत्पाद नीति पर सलाह देने का किया आग्रह

**राज्य में जनसंख्या के अनुपात में आदिवासी, दलित, दिव्यांग, महिला को शराब दुकानों का हो आवंटन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को पत्र लिखकर हेमंत सरकार को उत्पाद नीति पर सलाह देने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि इसके पूर्व में भी वर्तमान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दो बार उत्पाद नीति लागू की जा चुकी है।

लेकिन दुर्भाग्यवश उन नीतियों का लाभ न तो राजस्व हित में रहा और न ही राज्य के छोटे-छोटे व्यवसायियों और बेरोजगार युवकों के पक्ष में रहा। इसके विपरित वो नीतियां शोषण एवं राजस्व के क्षति का कारण बनी। दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचने के कारण आम जनता से अवैध वसूली की गयी। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाला राजस्व शराब माफियाओं और दलालों के जेब में चला गया।

पत्र में कहा है कि सरकार अभी जो नयी उत्पाद नीति लागू करने जा रही है, इसमें भी कई आशंकाएं हो रही हैं। राज्य के राजस्व में वृद्धि एवं छोटे-छोटे व्यवसायियों को समानुपातिक अवसर मिलेगा, इसकी उम्मीद कम है। नयी उत्पाद नीति में एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को जिला स्तर पर तीन यूनिट यानि 9 दुकानें एवं पूरे राज्य में अधिकतम 36 दुकानें मिलने का प्रावधान रखा गया है। ऐसे में शराब के बड़े-बड़े कारोबारी पूरे राज्य में दुकानों के आवंटन में अपनी भागीदारी करेंगे। जिससे अधिकतम शराब दुकानें उन्हीं के हाथों में चले जाने की संभावना ज्यादा है। वे लोग मनमानी तरीके से शराब का कारोबार कर सकेंगे।

### राज्यपाल से की मांग

जिस प्रकार केंद्र सरकार पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के लाइसेंस निर्गत करने में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, दिव्यांगों और सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता देती है, उसी प्रकार राज्य सरकार भी गरीब आदिवासी महिलाओं को जनसंख्या के आधार पर एवं सेना से सेवानिवृत्त जवानों के लिए देशी एवं विदेशी शराब दुकानों की बंदोबस्ती में आरक्षण दे। नयी उत्पाद नीति में एक व्यक्ति-एक दुकान को मानक मानकर एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को पूरे राज्य में एक ही शराब दुकान को संचालित करने का प्रावधान हो ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को व्यवसाय करने का अवसर मिल सके एवं भ्रष्टाचार नहीं हो सके। जिस प्रकार राज्य सरकार ने निजी क्षेत्रों में राज्य के लोगों के लिए 75% आरक्षण का निर्णय कैबिनेट में लिया है उसे शराब दुकानों के आवंटन में भी लागू करे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 जून को झारखंड आयेंगी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 जून को झारखंड आयेंगी। उस दिन वह देवघर स्थित बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। उसके बाद देवघर एम्स जायेंगी। एम्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति भवन से झारखंड सरकार को इसकी आधिकारिक सूचना दे दी गयी है। राष्ट्रपति भवन से राज्य सरकार को अभी विस्तृत कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गयी है। झारखंड सरकार राष्ट्रपति के विस्तृत कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहा है।

# झामुमो-कांग्रेस आतंकियों की हिमायती राष्ट्र विरोध की हदें पार : अजय साह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने झामुमो के बयान को राष्ट्र विरोधी बताते हुए कहा कि यह न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही का प्रतीक भी है। अजय साह ने कहा कि झामुमो के शासन में झारखंड आतंकवाद की प्रयोगशाला बन चुका है, जहां लगातार आतंकियों की गिरफ्तारी हो रही है।

उन्होंने कहा कि फरवरी 2025 में अलकायदा के झारखंड ट्रेनिंग मॉड्यूल के मास्टरमाइंड डॉ इश्तियाक अहमद की गिरफ्तारी हुई। मई 2025 में इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य अम्मार यासिर को गिरफ्तार किया गया। हिज्ब उत-तहरीर, आइएसआइएस और लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े कई आतंकियों को भी झारखंड से पकड़ा गया। साह ने कहा कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद झामुमो नेताओं ने एक बार भी आतंकवाद की निंदा नहीं की, बल्कि सरकार के एक मंत्री ने एक आतंकी को बालक बताकर परोक्ष रूप से उसका बचाव किया। उन्होंने आगे कहा कि झामुमो शासन में आतंकियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि झारखंड में कई बार पाकिस्तान के झंडे लहराये गये और पाकिस्तान समर्थित नारे लगाये गये। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मोहम्मद नौशाद द्वारा लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन किया गया और रांची के एक युवक ने तो भारत को गजवा-ए-हिंद की धमकी दे डाली। अजय साह ने कहा कि सेना और देश के समर्थन में जब भाजपा तिरंगा लहरा रही है, तब झामुमो को इससे पीड़ा हो रही है, क्यूंकि झामुमो फिलिस्तीन के झंडे को देख कर प्रसन्न होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि झामुमो में कांग्रेस की आत्मा प्रवेश कर चुकी है और अब ये दोनों पार्टियां देशहित के बजाय पाकिस्तान के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पूरी दुनिया में भारत-पाकिस्तान के खिलाफ माहौल बना रहा है, तब देश में झामुमो और कांग्रेस पाकिस्तान के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। पाकिस्तान के पक्ष में माहौल बनाने में यह इतना गिर चुके हैं कि इनके एक पूर्व मंत्री ऑपरेशन सिंदूर को ड्रामा बताते हैं और उन पर पार्टी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 मई, 2025
www.azadsipahi.in
04

## केरेडारी में जमीनी विवाद में पंचायत समिति सदस्य को चाकू मारा

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पेटो पंचायत स्थित चट्टी पेटो गांव निवासी और पेटो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अरबिंद साव को उसी के सौतेले भतीजे शिवशंकर कुमार पिता बद्री साव ने आपसी रंजिस व जमीन विवाद को लेकर लबनिया मोड़ के पास पेट, पीठ और गर्दन में चाकू से वार कर घायल कर दिया जिससे अरविंद की स्थिति गंभीर है। घटना सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे की बतायी जा रही है। घायल अवस्था में ही ग्रामीणों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में प्राथमिक इलाज करवाया पर चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए रेफर कर दिया तब परिजन इसे रांची मेडिका अस्पताल में इलाज करवा रहे है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी शिवशंकर कुमार की जमकर धुलाई की और शिवशंकर के घर के पास खड़ी शिवशंकर के डिजाइर कार को जला दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर अग्निशमन वाहन पहुंची तब आग पर काबू पाया गया लेकिन इससे पूर्व कार जल चुकी थी। वहीं दूसरी ओर शिवशंकर को भी केरेडारी में इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि दोनों का इलाज चल रहा है लिखित आवेदन मिलने का बाद कार्रवाई की जायेगी।

## सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सीओ को दिया आवेदन



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अंचल अंतगर्त पुनाई पंचायत के जरगा गांव के मुख्य पथ को उसी गांव के कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। गांव के पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जरगा से सोमवार को दारू अंचल कार्यालय में 100 से अधिक संख्या महिला पुरुष पहुंचे। ग्रामीणों ने सीओ रामकुमार बालक को पथ के अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में खाता संख्या 59 प्लाट संख्या 2107 आम गैर मजुरूवा जमीन है। जो हमारे गांव का मुख्य पथ है। यह पथ अलख किशोर के घर से जगलाल महतो के घर तक 35 फीट चौड़ा है। इस स्थान पर पथ के एक ओर गांव के दिनेश्वर महतो, रविन्द्र प्रसाद, कैला महतो, काशी प्रसाद और दूसरी ओर से अशोक प्रसाद ने अतिक्रमण कर लिया है। इन लोगों के द्वारा अतिक्रमण करने से इस पथ की चौड़ाई मात्र 8 से 9 फीट बच गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पथ का आरइओ विभाग के द्वारा कालीकरण कर मरम्मति का कार्य किया जा रहा है। इस पथ की चौड़ाई को लेकर कार्य बाधित है। इससे पूर्व भी अंचल से सीआइ और अंचल कार्यालय के अमीन के द्वारा मापी कर पथ को चिन्हित कर दिया गया है। इसके बावजूद भी उक्त लोगों ने अपनी दबंगई से रास्ता के जमीन पर कब्जा किये हुए है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान करियातपुर निवासी 32 वर्षीय नवीन कुमार (पिता स्व. तिरल महतो) के रूप में की गयी है। बताते चलें कि मृतक मूकबधिर था और उसकी पत्नी भी मूकबधिर थी। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के ससुर नंदलाल प्रसाद जो पेशे से एक दुकानदार हैं, ने बताया कि आज सोमवार होने के कारण उन्होंने अपनी दुकान बंद रखी हुई थी। सुबह को उनकी पुत्री सविता कुमारी वट सावित्री की पूजा हेतु पड़ोस में स्थित बरगद पेड़ की पूजा करने गयी थी, वहीं उनके दामाद नवीन शौच से आए और अपने घर में ताला लगाकर चाभी मेरे उनके घर में रखकर कहीं घूमने निकल गये। काफी देर तक जब वे नहीं लौटे तो हमने उनकी खोजबीन की। काफी देर के पश्चात नातिन खुशबू कुमारी (मृतक की पुत्री) ने उनसे कहा कि उस घर का एक और चाभी जिस जगह पर रहता है, वहां नहीं है। इसके बाद जब वे लोग उसके कमरे के पास पहुंचे तो पाया कि उसने अपना कमरा अंदर से बंद कर रखा था। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी जानकारी कोडरमा पुलिस व नवीन के परिजनों को देते हुए पुरनानगर बुला लिया। जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस व मृतक के स्वजन वहां पहुंचे। इधर कटर मशीन मंगवाकर नवीन के कमरे के दरवाजे की कुंडी काटकर जैसे ही अंदर प्रवेश किया तो देखा कि वह कमरे के अंदर छत से बने फंदे से झूल रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उसे सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों को तलाशने में जुटी हुई है।

# हजारीबाग पुलिस ने तीन पेशेवर मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा

### तीनों पर पहले से ही दर्ज है कई मामले

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कनहरी हिल के समीप कुछ व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल की खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से आ रहें है। उक्त सूचना पर एसपी ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। छापेमारी दल के द्वारा कनहरी पुल के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के क्रम में संदिग्ध व्यक्तियों को छापेमार दल में शामिल पुलिसकर्मियों के द्वारा पकड़ लिया गया। उक्त व्यक्तियों के पास से मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ने और नंबर प्लेट हटाने का उपकरण (एक स्टील का रॉड और रेंच) बरामद हुआ और चोरी का अपाची मोटरसाइकिल बरामद हुआ। चोरी की मोटरसाइकिल के संबंध में पुछे जाने पर पकड़ाये व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि वे लोग हजारीबाग में विभिन्न चौक-चौराहों, बरामदा और बाउंड्री के अंदर रखें मोटरसाइकिल को चोरी कर गिरिडीह के एक व्यक्ति को औने पौने दाम में बेचते हैं। पुछताछ के क्रम में उनलोगों के द्वारा कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाल फिलहाल में हुए मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार किया है। पकड़ाये तीनों अभियुक्तों का मोटरसाइकिल चोरी के कांडो में लंबा अपराधिक इतिहास रहा है और उक्त तीनों अभियुक्त पेशेवर और अभ्यस्त है। बरामद मोटरसाइकिल, मोबाइल और रॉड और रेंच को विधिवत जब्त करते हुए पकड़ाये तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्रा थाना कांड संख्या 84/25 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त विशाल कुमार राम, पिता संतोष राम ग्राम- लंगरा पीपर थाना- डोमचांच जिला- कोडरमा। वहीं अमित कुमार उर्फ उगन उर्फ रिबन उर्फ पूजन पिता लालो ग्राम रूपनडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा और तीसरे अभियुक्त सुमित कुमार पिता दीपक राम ग्राम लंगरा पीपर थाना डोमचांच जिला कोडरमा है। छापामारी दल सदर एसडीपीओ अमित आनन्द, कोर्रा थाना प्रभारी समशेर बहादुर, पुअनि शशिकांत कुमार के अलावा कोर्रा थाना जे सशस्त्र बल शामिल थे।

## अलग-अलग घटनाओं में हाथी ने दो महिलाओं कुचल कर मार डाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** सोमवार को दो घटनाओं में हाथी ने कुचलकर दो महिलाओं को मार डाला। सुबह हीरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कोसमाडीह में मसोमात कलवा देवी (57, पति स्व छोटे लाल यादव) शौच गयी थी। हाथी को देखकर महिला भागने लगी, हाथी ने दौड़ाकर महिला को पटककर कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। परिजनों और ग्रामीणों में हाहाकार मच गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना के सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी ने थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और वन विभाग पदाधिकारी को फोन कर सूचना दिया। थाना प्रभारी ने एएसआइ संजय कुमार, केडी प्रसाद को घटनास्थल पर भेजा। लगभग 4 घंटे बीतने के पश्चात वन विभाग के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों को 25 हजार रूपये नगद दिया। ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखने को मिला। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, मुखिया संगीता देवी, पंसस सुरेंद्र राणा, मनोहर यादव, राहुल मोदी, संजय मोदी, यमुना यादव, अभय सिंह, विक्की राणा सहित सैकड़ों महिला-पुरुष ने परिजनों को मुआवजा देने का मांग किया। वहीं दूसरी घटना में जयनगर प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम बाराडीह में सोमवार शाम लगभग 4 बजे मसोमात मंजु देवी (पति राजकुमार यादव) कृषि कार्य के लिए खेत गयी थी। हाथी ने उक्त महिला को भी जान से मार दिया। अभी तक पुलिस प्रशासन और वन विभाग घटना स्थल पर नहीं पहुंचें है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। बता दें कि 13 मई को रात्रि हाथियों के द्वारा ग्राम सतडीहा निवासी वासुदेव यादव पिता अमृत यादव को कुचलकर मार दिया उसके बाद भी वन विभाग चुप्पी लगाये बैठे हैं।

## लगातार बिजली की कटौती से उपभोक्ताओं को हो रही समस्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से हजारीबाग की आवाम परेशानीयों से जूझ रहा है लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। व्यापारी कराह रहे हैं इसी को ध्यान में रखते हुए हजारीबाग विद्युत कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर बताया है कि हजारीबाग डीवीसी कमांड क्षेत्र में वर्तमान समय में डीवीसी लगातार बिजली में कटौती कर रही है इनका कहना कि कुछ तकनीकी काम चल रहा है जिससे हजारीबाग को कम बिजली दी जा रही है विद्युत कार्यपालक अभियंता बताया कि लोड सेटिंग का निश्चित समय भी निर्धारित नहीं हजारीबाग जिला को जहां न्यूनतम 125 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है वहीं 25 से 30 मेगावाट ही बिजली मिल पा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब तक डीवीसी पुरा बिजली नहीं देता तब तक यथास्थिति बरकरार रहेगा। स्मार्ट मीटर के बारे में बताया कि, यह उच्च गुणवत्ता से परिपूर्ण है इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी की गूंजाइस नहीं है इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है अभी तक जिले भर में 19438 स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। विभाग ने जन समस्याओं के निदान केलिए दो नवंबर जारी किया है जिसमें संपर्क कर जनता अपनी बात रख सके। स्मार्ट मीटर में किसी भी जानकारी के लिए 8863838339 और अन्य किसी भी समस्या के समाधान के लिए 9431707881 नवंबर पर जनता संपर्क कर सकती है, जानकारी देते हुए बताया कि शहरी क्षेत्र में जल्द ही लोग सेटिंग की समस्या का समाधान होने वाला है।

## हाथी ने मजदूर को कुचल कर मार डाला



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरकंनगांगों गांव में हाथी ने शनिवार की शाम 6.30 बजे के करीब एक मजदूर को मार डाला। बरकंनगांगों निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता छोटी महतो के कुआं निर्माण कार्य में लगे मजदूर ग्राम जोधपुर ताराटांड़ गिरीडीह निवासी सुखलाल मरांडी 52 वर्ष पिता स्व टंम्पा मरांडी को हाथी ने पैर से कुचलकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड से बिछड़ा हाथी भुतहा जंगल में कुआं निर्माण कार्य में लगे मजदूर पर आकर हमला कर दिया। जिसकी सूचना मिलने पर बरही रेंजर कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर बरकट्ठा फोरेस्टर संटू कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर वन विभाग की ओर से मृतक के परिजन को 50 हजार की अग्रिम सहायता राशि के रूप में दिया गया। संटू कुमार ने बताया कि झुंड में 25 की संख्या में छोटे बड़े हांथी शामिल हैं जिसमें बिछड़कर एक हाथी इधर-उधर भटक रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल में अकेले नहीं जाने की अपील किया। बताया कि हाथियों की झुंड को निकालने के लिए टीम लगातार प्रयासरत है। हाथियों का झुंड इस समय चलकुशा के मनैया जंगल में डेरा डाला है। बरकट्ठा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बड़कागांव के विभिन्न गांवों में लहंगा का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत सैकड़ों लोगों के बीच बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, पतरातू प्रखंड के विभिन्न गांव में हजारीबाग लोकसभा प्रतिनिधि सतेंद्र नारायण सिंह एवम बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के निर्देशन में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें बड़कागांव व उरीमारी मण्डल प्रखंड के दर्जनों गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। जो नियमित रूप से जारी रहेगा। वहीं सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव निवासी आनंद सोनी की पुत्री जुली कुमारी, लंगातु निवासी सुरेंद्र ओझा की पुत्री सिंपी कुमारी, सीकरी ग्राम निवासी मंकू महतो की पुत्री प्रीती कुमारी और चांडिल महतो की पुत्री सपना कुमारी और सांढ़ गांव निवासी मसो मुनिता की पुत्री बेबी कुमारी को लहंगा देकर शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर, बड़कागांव विधानसभा सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया प्रभु महतो, मेवालाल नाग, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंडपा के विरेन्द्र मोदी को नाबालिग के साथ छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नाबालिक की मां ने शनिवार को टाटीझरिया थाना में मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि विरेन्द्र मोदी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ घर में घुसकर छेड़खानी किया है। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि टाटीझरिया थाना में कांड संख्या 19/25 पोस्को एक्ट के तहत छेड़खानी करने के आरोप में प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार शाम न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा हजारीबाग भेज दिया गया है।

## पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार किया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** समकालीन अभियान के तहत विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक थाना कांड संख्या 203/23 के आरोपी शिबू रविदास पिता नागों रविदास और नागो रविदास पिता जुलमी रविदास, कांड संख्या 248/21धारा 498, 307,323,341,504,506,379के आरोपी सकीना खातून चानो, कांड संख्या 59/22 धारा 366,376 के आरोपी रवि कुमार तुरी पिता रामचन्द्र तुरी सा फाराचांच विष्णुगढ़, कांड संख्या 205/17 धारा 448,341,504,506,34 आइपीसी के आरोपी भगीरथ महतो पिता ननकू महतो मडमो के अलावा दिनवा मुर्मू पिता अबुल मांझी चलकरी और लक्षमन कुमार पिता केश्वर साव अस्पताल चौक विष्णुगढ़ को जेल भेज दिया गया। पुलिस इस वारंटियों के लंबे अरसे से तलाश थी।

## सारथी नेटवर्क का शुभारंभ 28 मई को

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संक्रमण के इस दौर में विकास के ऐसे मॉडल के निर्माण की जरूरत है जो न केवल औद्योगिक परिवर्तन की चुनौतियों को कम करे, बल्कि झारखंड के लोगों को एक मजबूत, न्यायसंगत और सतत भविष्य के निर्माण की दिशा दे। यह मॉडल सतत आजीविका, सामुदायिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और भावी पीढ़ी में जल, जंगल और जमीन के प्रति जुड़ाव की परंपरा को विकसित करने से ही संभव हो सकता है। मुख्यमंत्री ने सारथी झारखंड जस्ट ट्रांज़िशन नेटवर्क की पहल के मौके पर भेजे लिखित संदेश में ये बातें कही। यह संदेश राज्य सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग की भावना को और मजबूत करता है और यह दशार्ता है कि झारखंड सरकार जस्ट ट्रांज़िशन की अवधारणा को मूर्त रूप देने में गंभीरता से जुड़ी है। 28 मई को एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रहा है, जब राज्य की 30 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के साझा प्रयास से गठित सारथी झारखंड जस्ट ट्रांज़िशन नेटवर्क का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। सारथी नेटवर्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि झारखंड की विकास यात्रा में वे समुदाय भी प्रमुख भूमिका निभाएं जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। विशेषकर वन, खनन और पारंपरिक आजीविका पर निर्भर समुदाय। इसके माध्यम से पूरे राज्य में संवाद, प्रशिक्षण, जन-जागरूकता और नीति समन्वय की गतिविधियां आयोजित की जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि झारखंड के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा में समान अवसर प्राप्त हों।

## कांग्रेस की बैठक में संविधान बचाओ रैली पर चर्चा



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित मध्य पंचायत में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की एक विचारात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद युसुफ मियां ने की। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि मरकच्चो मध्य रवि शंकर सिंह एवं पार्टी के सभी पदाधिकारीगण और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मरकच्चो मध्य पंचायत के रवि शंकर सिंह के अगुवाई में विकास यादव, सुरेन्द्र यादव, तालेबर यादव, कालेश्वर यादव, प्रदीप ठाकुर उदय विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सिंह, शंभू ठाकुर, नारायण दास, बुलाकी यादव, साहिल आलम कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिसे प्रखंड अध्यक्ष मो युसूफ ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में 5 जून 2025 को झुमरीतिलैया में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने की चर्चा की गयी।

# हजारीबाग और कोडरमा में धूमधाम से मनायी गयी वट सावित्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में सोमवार को बट सावित्री व्रत का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और परंपरा के साथ मनाया गया। सुबह से ही जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित बरगद (वट) वृक्षों के पास महिलाओं की चहल-पहल शुरू हो गयी थी। पारंपरिक परिधान में सजी-संवरी सुहागिन महिलाएं पूजा की थाली लेकर पूजा स्थलों पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत किया। इस व्रत में महिलाएं निर्जल उपवास रखती हैं और वटवृक्ष के चारों ओर परिक्रमा करती हैं। पूजन के उपरांत महिलाएं सामूहिक रूप से बैठकर सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनती हैं, जिसमें एक पतिव्रता नारी की शक्ति, साहस और निष्ठा का प्रेरक प्रसंग है। इस कथा में वर्णित है कि कैसे सती सावित्री ने अपने तप, त्याग और चतुराई से यमराज को प्रसन्न कर अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। यह कथा आज भी महिलाओं को अपने दांपत्य जीवन में आस्था, त्याग और प्रेम बनाये रखने की प्रेरणा देती है। विभिन्न स्थलों पर अलग-अलग पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया उसी में एक पुजारी ने बताया की बट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। यह व्रत नारी की आस्था, समर्पण और शक्ति का प्रतीक है। सावित्री माता की तरह आज भी महिलाएं अपने पति और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत करती हैं। वटवृक्ष, ब्रह्मा, विष्णु और शिव का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इसकी पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। व्रती महिला ने बताया की जो पिछले 20 वर्षों से यह व्रत कर रही हैं, यह व्रत मेरे लिए सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक है।



### कोडरमा: अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में सोमवार की सुबह से ही अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने जगह-जगह वट सावित्री पूजा की। महिलाएं समूह में निकलीं और और विधि विधान से बरगद के पेड़ पर पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। पुजारियों को दान दक्षिणा भी दिया। व्रती महिलाओं ने 108 बार बरगद की परिक्रमा की। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। इसके बाद पुजारी से वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री सत्यवान की कथा सुनी, सावित्री ने यमराज से हठ कर वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति की जान बचाई थी। घर आकर महिलाओं ने पति के पैर पघारे, शर्बत-पानी दिया और बेनी (बांस से बने पंखे) झेले इस दौरान विभिन्न इलाकों में वट सावित्री की पूजा की गयी।

### महिलाओं ने उपवास रखकर की पूजा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री व्रत सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अनुष्ठान कर वट वृक्ष की पूजा की और अखंड सौभाग्य के लिए पति के दीर्घायु होने की कामना की। पूजा पाठ के बाद सुहागिनों ने पारायण किया। प्रखंड के डुमर, धरमपुर, झरपो, भराजो, खैरा, मुक्तिदुधमनियां, मंडपा, जेरूवाडीह, टाटीझरिया, कोल्हू, मायापुर, बेड़म, खंभवा, आदि गांवो में वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री व्रत धूमधाम से मनायी गयी दिन भर महिलाओं में उत्साह देखा गया।

### सुहागिनों ने की बरगद के पेड़ की पूजा

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुहागिनों महिलाओं ने अपने-अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की। सुहागिनों महिलाओं की सोमवार सुबह से ही वट वृक्ष और मंदिरों में पूजा-अर्चना को लेकर काफी भीड़ जुटी रही। शास्त्रों के अनुसार इस व्रत में ऐसी मान्यता है कि बरगद के पेड़ के नीचे सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण को वापस ले आई थी। जिस स्थान पर सावित्री ने अपने पति सत्यवान की रक्षा की थी, वहां पर एक विशाल वट वृक्ष था, वट वृक्ष लंबी आयु की प्रतीक है। उस दिन से वटवृक्ष की पूजा विशेष रूप से पति की लंबी आयु के लिए होती चली आ रही है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



### सुहागिनों ने पूजा कर मांगी पति के दीर्घायु होने की कामना

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री पूजा का आयोजन बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। इस पावन अवसर पर हजारों सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की। उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा की और कच्चे धागे या मोली को सात बार लपेटकर अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। पूजा के बाद, सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के डेली मार्केट, थाना चौक, देवी मंडप ढेंगा, छोटका बर पेड़, हरली, बदाम, सांढ, गोंदलपुरा, मंहुगाई कला, चेपा कला, नापो खुर्द, बरवाडीह, तलाशवर समेत सभी गांवों में वट सावित्री पूजा का उत्साह देखने लायक था, जहां महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ इस पर्व को मनाया। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का भी प्रतीक माना जाता है।



### सुहागिनों ने विधि-विधान से की पूजा

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा की। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद बरगद पेड वटवृक्ष के नीचे एकत्रित होकर विधि विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीघार्यु होने की कामना की। पूजा के महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की और वटवृक्ष की कच्चे धागे से परिक्रमा कर अखंड सौभाग्य होने का प्रार्थना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। आज के दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सावित्री ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस कर ली थी। इसलिए पूजा के दौरान सती सावित्री सत्यवान, माता सती एवं भगवान शंकर की कथा सुनाई जाती है। बरकट्ठा के अलावे वट सावित्री की पूजा गोरहर, शिलाडीह, बेलकप्पी, झुरझुरी, सलैया, कपका, बेडोकला, गैड़ा, गंगपांचो आदि गांवों में बड़ी संख्या में महिलाएं ने वटवृक्ष की पूजा अर्चना की।



## पीवीयूएनएल और छाई डैम प्रभावित ग्रामीणों और जिला प्रशासन की हुई बैठक

# विस्थापन के दर्द को समझे जिला प्रशासन और कंपनी: मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), पतरातु और प्लांट के छाई डैम से संबंधित विस्थापित प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के साथ डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित थे। इसके अलावा बैठक में पीवीयूएनएल के अधिकारी और सभी विस्थापित गांवों का प्रतिनिधिमंडल और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए।



**दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति और निर्णय लेने का आग्रह:** बैठक में कंपनी और विस्थापित दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति और निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। कंपनी से रोजगार के लिए लिखित रूप से ग्रामीणों को आश्वासन देने और ग्रामीणों को भी अपने उचित हक के लिए अपने लड़ाई को अपने अनुरूप जारी रखने की बात कही गयी।

**मीडिया से रूबरू हुए सांसद मनीष जायसवाल :** बैठक के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि एक विवाद पीवीयूएनएल और ग्रामीणों के बीच का है। जिसपर हमलोग मध्यस्थता करके इस विवाद का हल निकालना चाहते हैं। इस दिशा में हमलोग दो कदम आगे चले हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष कंपनी और विस्थापित ग्रामीण थोड़ा- थोड़ा समझौता करके इसका पूर्णतः हल निकालेंगे। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि उपक्रम चालू होना बहुत जरूरी है। यह हम भी समझते हैं लेकिन लोगों का दमन करके यह उपक्रम चालू होगा ये जरूरी नहीं है। विस्थापन के दर्द को समझने की जरूरत है। जिला प्रशासन और पीवीयूएनएल दोनों को समझना होगा कि विस्थापन बहुत बड़ा दर्द है और उस दर्द के घाव को कुरेदकर राष्ट्र का विकास नहीं कर हो सकेगा, उस घाव पर मरहम लगा करके ही आप विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। हम लोग वहीं कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं कि जो रैयत हैं और विस्थापित/प्रभावित 24 गांव के लोग हैं उनके समस्या का निदान हो साथ ही प्लांट भी चले। हमलोग प्लांट को चलाने या बंद कराने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं है, हमलोग का मकसद है दोनों पक्ष राजीखुशी से इस प्लांट को चलाए और विस्थापित प्रभावित ग्रामीण जन भी खुश रहें ऐसा वातावरण स्थापित हो।

### घंटों चली बैठक में नहीं निकला कोई नतीजा

बैठक में तीनों पक्षों के लोगों के बीच घंटों वार्ता हुई और कंपनी और विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित कर दोनों के राजामंदी से प्लांट संचालन किये जाने पर विचार- विमर्श का प्रयास किया गया। ताकि विस्थापित ग्रामीणों को भूमि मुआवजा, रोजगार सहित उनका वाजिब हक मिले। लेकिन इस बैठक में निष्कर्क नहीं हो सका।

### बैठक में थे उपस्थित

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अपर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पीवीयूएनएल के सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया किशोर कुमार महतो, विस्थापित मोर्चा के आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, खुशबू देवी, योगेंद्र यादव, झरी मुंडा, अनुज प्रसाद, सुरेश साहू, भरत साव सहित कई विस्थापित ग्रामीण उपस्थित थे।

## वज्रपात से महिला की मौत पति गंभीर

चतरा(आजाद सिपाही)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने गांव में अचानक तेज बारिश के साथ हुई बज्रपात में पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि रंजीत भारती और उसकी पत्नी कलावती देवी लकड़ी लाने के लिए जंगल गये थे। जंगल से लकड़ी लेकर लौटने के क्रम में अचानक तेज बारिश होने लगी। इसी बारिश से बचने के लिए दोनों पति-पत्नी बरगद पेड़ के नीचे खड़े हो गये। इसी दौरान वज्रपात हो गया। जिससे पत्नी कलावती देवी की मौत मौके पर ही हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोगों ने घायल रंजीत को उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा में भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 06/PE/PA/AFO/2025-26 दिनांक / Date: 27.05.2025

साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-330, 337 एवं 391 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को छः (06) प्रोजेक्ट एग्जिक्यूटिव, पाँच (05) प्रोजेक्ट असिस्टेंट एवं एक (01) कृषि क्षेत्र ऑपरेटर के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में इंटरव्यु हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew पर जाएं।

PI of the project **EAP-330, 337 & 391** invites all the eligible candidates for Interview for the post of **Six (06) Project Executive, Five (05) Project Assistant and One (01) AFO** on at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य की हुई समीक्षा



चतरा (आजाद सिपाही)। विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, बिजली कनेक्शन और 0 से 05 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने की समीक्षा बैठक की गयी। कार्यपालक अभियंता एनआरइपी चतरा द्वारा प्रशासनिक स्वीकृती प्रदान करने और काफी विलंब से निविदा आमंत्रित करने पर नाराजगी व्यक्त किया और तीन माह के अन्दर सभी स्वीकृत 38 आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण पूर्ण करने और जिला अभियंता जिला परिषद चतरा को स्वीकृत 14 आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण दो महीनें के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, चतरा को चिन्हित 592 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था और चिन्हित 234 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय का निर्माण 01 माह के अन्दर पूर्ण करने और उक्त चिन्हित सभी एजेंसी को प्रत्येक सप्ताह का भौतिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चतरा को विभिन्न बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आवेदन प्राप्त करते हुए शत–प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने और परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी, चतरा को सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आधार का कार्य हेतु प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, चतरा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा और परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के पतरातू, पालू, सांकुल, जयनगर, बरवाटोला, पारगढा, टेरपा, टोकीसूद, हफुआ, रेलवे स्टीम कॉलोनी, पीटीपीएस सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार को सुबह से ही अखंड सुहागिन ने सुख समृद्धि ऐश्वर्य की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान के साथ वट सावित्री की पूजा की। इस दौरान सुहागिन महिलाओं में बरगद के पेड़ की परिक्रमा करते हुए धागा बांधकर अखंड सौभाग्य की कामना की, और महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगायें। इस अवसर पर पुजारी ने वट सावित्री पूजा से संबंधित कथा भी सुनायी।

## आस्था और श्रद्धा से की गयी वट वृक्ष की पूजा



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र सहित आस – पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिनों ने आस्था और श्रद्धा के साथ बट सावित्री व्रत पूजा की। यह व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए व्रत रखती है। वट सावित्री व्रत के माध्यम से महिलाएं न केवल पारिवारिक समृद्धि की कामना करती है बल्कि अपनी संस्कृति और परंपरा को भी जीवंत बनाये रखती है। इस दौरान सयाल, केकेसी पोड़ा, उरीमारी, पोटंगा, गरसुला पंचायत के सभी जगहों पर सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा अर्चना की।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक गरेवाटांड़ शिव मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक में बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। बैठक में पतरातू औद्योगिक क्षेत्र में जो फैक्ट्री है उसमें विस्थापितों प्रभावितों को शत प्रतिशत बहाल करने प्रदुषण पर रोक लगाने सीएसआर फंड के तहत विकास कार्य करने सहित कई मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। मौके पर किशोर महतो, कैलाश महतो भुवनेश्वर महतो कौलेश्वर महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## 14 साल से फरार पंचम सोनी को रामगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर में एक चोर पिछले 14 वर्षों से फरार था। शहर के न्यू बगीचा निवासी पंचम सोनी पिता जागेश्वर सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा है। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचम सोनी के खिलाफ वर्ष 2011 में वारंट जारी हुआ था। तब से पुलिस से छुप कर रह रहा था। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि वह रामगढ़ शहर में अपने घर में छुप कर रह रहा है, तत्काल छापेमारी की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। पंचम सोनी पेशेवर चोर है और उस पर कई मामले पहले भी दर्ज हैं।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रांची जा रहे एक वृद्ध व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उस व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला, फूलसराय निवासी समीउल्लाह अंसारी 58 वर्ष के रूप में हुई है। इस मामले में सोमवार को मृतक के पुत्र मेकाइल अंसारी के द्वारा रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अहले सुबह 3:00 बजे उनके पिता समीउल्लाह अंसारी साइकिल से रांची जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में बनारसी होटल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। साथ ही वाहन चालक फरार हो गया। मृतक के पुत्र ने घटनास्थल पर पहुंचकर अपने पिता की पहचान की। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और प्राथमिकी दर्ज की है।

## महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी मुस्कान ने दौड़ में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम किया रौशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** 14वीं झारखंड स्टेट ओपेन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में चतरा जिला के महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी मुस्कान कुमारी ने 5 सौ मीटर दौड़ मे कांस्य पदक जीत कर चतरा जिला का नाम रौशन की है यह प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 और 26 मई तक स्पोर्ट्स कंपलेक्स चंदनक्यारी बोकारो में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से कई जिलों के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हैं।




मुस्कान कुमारी हंटरगंज प्रखंड के खुटीकेवाल पंचायत के रहने वाले उमेश प्रसाद गुप्ता की पुत्री है। मुस्कान की इस चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, चतरा जिला एथलेटिक्स कोच गणेश कुमार महतो, एथलेटिक्स कोच दीपक कुमार और चतरा जिला के कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## कडुवाबांध तालाब का सुंदरीकरण और गहरीकरण को लेकर भूमि पूजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड अंतर्गत पुंडी पंचायत के कडुवाबांध तालाब का गहरीकरण और सुंदरीकरण को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो, पंचायत की मुखिया रोपण देवी, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो विधायक प्रतिनिधि लालचंद महतो उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने विधिवत पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया। मौके पर विधायक निर्मल महतो ने कहा कि यह तालाब ग्राम वासियों की बहुप्रतिक्षित व जन उपयोगी तालाब है। कई वर्षों से तालाब का साफ सफाई नहीं होने के कारण तालाब में जलकुंभी और अन्य जलीय घास से भरा होने के कारण ग्रामीण इसका उपयोग नहीं करते हैं। ग्रामीणों ने तालाब का गहरीकरण और सुंदरीकरण कराने की मांग और इसकी जरूरतों को टाटा प्रबंधन से बात कर निराकरण किया गया। साथ ही टाटा स्टील प्रबंधन से जल्द से जल्द से इस कार्य को पूरा करने का अनुरोध किया है। इस अवसर मुख्य रूप से टाटा स्टील फाउंडेशन प्रमुख आदित्य सिंह, पूर्व उपप्रमुख कंचन कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र महतो, वार्ड सदस्य रेखा देवी, भीम महतो, महेश महतो, दिनेश महतो, सहित टीएसएफ के पदाधिकारी गण तथा ग्रामीण उपस्थित थे ।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

**निविदा सूचना सं. सीकेपी–साउथ–25–26–03,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम :** वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/चाईबासा के अधीन डाउनलाइन साइड ओवररन लाइन के विस्तार द्वारा मालुका यार्ड में पीक्यूआरएस साइडिंग का निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,91,70,289.25, **बयाना राशि:** रु.2,45,900/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00, **खुलने की तिथि:** दिनांक 13.06.2025, निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई–निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण–रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई–I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-205)

## सक्सेस री-डिफाइंड ने सीबीएसइ 12वीं की स्कूल टॉपर अंशु को लैपटॉप देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सक्सेस री-डिफाइंड कोचिंग संस्थान कुजू चौक ने सोमवार को सीबीएसइ 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 93% अंक लाने वाली वाणिज्य छात्रा अंशु कुमारी को लैपटॉप देकर सम्मानित किया है। सक्सेस कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में छात्रा के हाथों केक कटवाकर बधाई दीं। सम्मान समारोह के मौके पर संस्थान के संचालक अभिषेक प्रसाद ने एचपी कंपनी का राइजन 5 लैपटॉप देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा अंशु कुमारी डीएवी स्कूल आरा में 12वीं वाणिज्य टॉपर बनी है। इस अवसर पर संचालक अभिषेक प्रसाद में



बताया कि अंशु कुमारी मेधावी छात्रा के रूप में हमारे संस्थान का गौरव बढ़ाया है। अंशु संस्थान का प्रेरणा बनी है। हमारा प्रयास आगे भी संस्थान के सीबीएसइ बोर्ड से जुड़े टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।

टॉपर छात्रा अंशु कुमारी ने आगे चलकर सीए बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कोचिंग संस्थान का आभार प्रकट किया है। मौके पर शिक्षक शिवम साहू, नेहा भारती समेत कई विद्यार्थी शामिल रहे।

## कुजू पुलिस ने पांच वारंटी को भेजा जेल

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पुलिस ने विभिन्न कांडो के फरार वारंटी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस दौरान कुजू पुलिस ने तोपा कोलियरी के वारंटी तीरथ करमाली पिता जयनाथ करमाली, बोंगाबार के वारंटी कमलेश चौधरी पिता जोगेंद्र गिरी, नयामोड़ कुजू के एनबीडब्लू नागेश्वर करमाली पिता मुंशी करमाली, भरेचनगर के वारंटी विनय प्रसाद चौधरी पिता अखिलेश्वर चौधरी, जरीडीह इटखोरी चतरा के वारंटी कारू सिंह उर्फ अशोक सिंह पिता स्व गौरी सिंह को पुराना केस का अभियुक्त के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मौके पर ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के अलावे अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## सूर्य मंदिर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आज

टंडवा (आजाद सिपाही)। चुंदुरू धाम परिसर में सूर्य मंदिर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मंगलवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायेगा। इसको लेकर बीते रविवार को सूर्य मंदिर में एक बैठक में निर्णय ली गयी थी। जिसमें वार्षिक उत्सव सफल बनाने के लिए कई सम्मानित सदस्य गण को जिम्मेवारी दी गयी है। बैठक में पर्यवेक्षक मंडली के सम्मानित सदस्य गण शामिल हुए। इसमें देख रेख प्रभार लाइट, टेंट, साउंड कुलदीप साहू, प्रदीप प्रजापति, नकुल राम, मंदिर सजावट राजेंद्र नायक, गणेश गुप्ता, वासुदेव रवि प्रसाद बनाना व वितरण- जय मंगल देव नायक, बंशीधर यादव, प्रेम भगत पेयजल व्यवस्था, मुकेश प्रजापति प्रचार गाड़ी व्यवस्थापक सियाराम पंडित को जिम्मेवारी दी गयी है। मंगलवार को सर्व प्रथम पूजा प्रारंभ होगी उसके बाद हवन कार्यक्रम फिर संध्या आरती का कार्यक्रम होगा, तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## मारवाड़ी महिला समिति ने 20 छात्रों को किया सम्मानित

**हमारी समिति ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है: निशा जैन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति ने सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। गोला रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में मारवाड़ी विरादरी के उन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीबीएसइ और आइसीएसइ बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन किया। करीब 20 बच्चों ने इस वर्ष की सीबीएसइ और आइसीएसइ की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 85% से अधिक अंक प्राप्त किये। बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान करते हुए उपहार दिये गये। समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कम उम्र में बच्चों को सम्मानित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारना है। आगे चलकर वे सफलताओं के नये-नये सोपान स्थापित कर सके। निशा जैन ने बताया कि ऐसे मेधावी बच्चों को हम जितना समर्थन देंगे, आगे वे उतना ही बेहतर करने में सक्षम होंगे। हमारी समिति ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है। कार्यक्रम में अरुणा जैन, रिद्धि जैन, प्रिया अग्रवाल, मीनू मोदी, गरिमा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, रेनू मित्तल, नेहा चौधरी, शीतल अग्रवाल आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आर्जव जैन, अनिका जैन, अंकित शर्मा, किशन अग्रवाल, निमिषा मोदी, आकाश अग्रवाल, आयशा जैन, मधु चौधरी, रेखा अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मीनू बगड़िया, कंचन बगड़िया आदि मौके पर मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 16828 date 27.11.2024, I Shalini Bhadani alias Shalini Gupta, daughter of Suresh Ram, wife of Vineet Bhadani, aged about 38 years, by faith Hindu, by nationality Indian, permanent resident of village Bhadani Road, Jhumri Telaiya Ward No. 13, P.S. Telaiya, P.O. Jhumri Telaiya, Dist. Koderma (Jharkhand) - 825409 do hereby declare as follows: - 1. That I am permanent resident of village Bhadani Road, Jhumri Telaiya Ward No. 13, P.S. Telaiya, P.O. Jhumri Telaiya, Dist. Koderma (Jharkhand)-825409.
2. That my name Shalini Bhadani is mentioned in my Aadhar Card (Aadhar no. 5101 8863 0381) but in my PAN Card (PAN: AOQPG4226E), my name is Shalini Gupta.
3. That Shalini Bhadani and Shalini Gupta, both are my names. The above both the names belong to me and is same person. That this affidavit has been prepared for indicating both names are of same person.
5. That contents of Para 01 to 05 are true and correct to the best of my knowledge, information and belief. If any problem comes in future, I shall be only responsible for it.

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 54 दिनांक 22.05.2025 । मैं, जगेश्वर महतो, पिता कन्दरा महतो निवास स्थान ग्राम ओझा साइम, थाना-बुड़मू, जिला-रांची झारखण्ड का निवासी हूँ शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ जो इस प्रकार है:-
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नं0-5729 0894 5713 है जिसपर भूल वश मेरा नाम बुटा महतो अंकित हो गया है जबकि सही नाम जगेश्वर महतो है।
3. यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम जगेश्वर महतो है जो सत्य एवं सही है।
4. यह कि यह शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम सूधार करने हेतु सम्पन्न किया जा रहा है।
5. यह कि उपर वर्णित बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। गलत पाये जाने पर सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 3379 date 22.05.2025, I, Mohmmad Safiullah Ansari S/O Isahak Ansari, aged about 38 years, resident of village Chtniyan Bag P.O. Saram, P.S. Gomia, District-Bokaro, (Jharkhand) solemnly affirm and declare as is follows :-
1. That, my Aadhar No. is 4725 1867 5144.
2. That, in above Aadhar card & Pan Card CFQPA9915K my name has been mentioned as Mohmmad Safiullah Ansari but in the my Bank Passbook of Bank of India Saram Bazar Branch vide A/C No. 483610100015069 my name has been mentioned as Safiullah Ansari.
3. That, Mohmmad Safiullah Ansari and Safiullah Ansari both the names belongs to me i.e. myself.
4. That, I want to correct/rectify in my above said Bank Account as Mohmmad Safiullah Ansari in place of Safiullah Ansari
5. That, I am swearing this affidavit to submit before the authority concern for needful purpose.
6. That, the above mentioned all the contents are correct and true if founds false any time I shall be liable to punished according to law.

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# अंग्रेजी की ताकत

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया, लेकिन इतना काफी नहीं था। नयी दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं और आतंकवाद को लेकर उसकी बदली रणनीति से वाकिफ कराने व पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश करने के लिए भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय विभिन्न देशों की यात्रा पर निकला हुआ है। इन डेलिगेट्स को भारत का संदेश सटीक और साफ अंदाज में पूरे विश्व तक पहुंचाना है, ताकि पाकिस्तान को प्रोपगैंडा का मौका न मिले।

**कूटनीति की भाषा :** कूटनीति में हर शब्द मायने रखते हैं। यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि किस भाषा में बात रखी जा रही है। ऐसे में जब भारतीय प्रतिनिमंडल को दुनिया के हर कोने में जाना है, तब तो और भी अहम हो जाता है कि उनकी आपस की बातों में कोई टकराव या विरोधाभास न हो। मेसेज इस तरह दिया जाये कि सभी उसे एक ही तरह से समझें और इसके लिए अंग्रेजी से बेहतर माध्यम कोई नहीं।

**सॉफ्ट पावर :** अंग्रेजी का कमाल है कि यह सबसे ज्यादा बोली जाने वाली मातृभाषा नहीं है, इसके बाद भी यह दुनिया में सबसे अधिक बोली और समझी जाती है। लगभग 150 करोड़ लोगों ने अंग्रेजी को अपनाया हुआ है। यह इसकी सॉफ्ट पावर है, जिसने विभिन्न इलाकों, संस्कृतियों, कला और साहित्य को आपस में जोड़ कर रखा है।

**ज्ञान का भंडार :** अंग्रेजी का विस्तार व्यापक है। कम से कम 55 देशों की यह आधिकारिक भाषा है और 30 से ज्यादा मुल्कों में इसे दूसरी भाषा के रूप में सिखाया-पढ़ाया जाता है। इंग्लिश की यह रीच इसलिए, क्योंकि दुनियाभर का ज्ञान आज इस भाषा में मौजूद है। लगभग 98% साइंस पब्लिकेशन और इंटरनेट पर मौजूद 49% से अधिक कंटेंट अंग्रेजी में है। यानी, किसी भी नई रिसर्च से रूबरू होने और आगे बढ़ने के लिए यह भाषा आनी चाहिए।

> भाषा संवाद का जरिया भर नहीं, पहचान भी है। लेकिन यह भी सच है कि किसी देश की पहचान केवल उसकी भाषा तक सिमटी नहीं होती। भारत को अपनी अधिक से अधिक आबादी को अंग्रेजी सिखाने पर जोर देना चाहिए।

**गर्व की बात :** भारत इस मामले में खुद पर गुमान कर सकता है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक उसकी लगभग 10% आबादी अंग्रेजी बोलती है। अगर उन्हें भी शामिल कर लिया जाये, जो अंग्रेजी बोल नहीं सकते, लेकिन पढ़ और समझ सकते हैं तो यह आंकड़ा दोगुना हो जाता है। अंग्रेजी पर पकड़ रखने वाली इतनी बड़ी आबादी किसी और देश के पास नहीं। यह भाषा की ताकत है और इसी के बूते हिंदुस्तान के प्रफेशनल्स अमेरिका से लेकर यूरोप तक अपना दबदबा बनाये हुए हैं।

**सिखायी जाये अंग्रेजी :** भाषा संवाद का जरिया भर नहीं, पहचान भी है। लेकिन यह भी सच है कि किसी देश की पहचान केवल उसकी भाषा तक सिमटी नहीं होती। भारत को अपनी अधिक से अधिक आबादी को अंग्रेजी सिखाने पर जोर देना चाहिए और इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं होगा कि इससे भारतीयता कम हो जायेगी।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

'एक संदेश, एक राष्ट्र, एक भारत' अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल 33 देशों का दौरा करेंगे। उल्लेखनीय व्यक्तियों में शशि थरूर और आनंद शर्मा (कांग्रेस), बैजयंत पांडा और रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जद-यू), श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना), कनिमोझी (द्रमुक) और सुप्रिया सुले (राकांपा) शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल राजनीतिक नेताओं और बुद्धिजीवियों सहित कई लोगों से बातचीत करेगा।

# प्रतिनिधिमंडलों का पाकिस्तान के खिलाफ संदेश अधिक तीखा होना चाहिए

**कल्याणी शंकर**



> भाजपा द्वारा नीतिगत निर्णयों से मुसलमानों को बाहर रखने के साथ-साथ भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में अल्पसंख्यकों की वैश्विक चिंताओं के बावजूद, मुस्लिम सांसदों को शामिल करना एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। 59 सदस्यों में से 10 मुस्लिम हैं।

मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख पर वैश्विक समुदाय से समर्थन मांगने के लिए इस सप्ताह संसद सदस्यों के 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय राजधानियों में भेज कर रणनीतिक रूप से अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज कर दिया है। यह रणनीतिक कदम आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को दर्शाता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों द्वारा किये गये आतंकवादी हमले जिसके परिणामस्वरूप 26 नागरिकों की मौत हो गयी, के बाद नयी दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, यह 26/11 मुंबई हमलों के बाद नागरिकों पर सबसे बुरा हमला था।

नयी दिल्ली ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बना कर संकट को दूर करने के लिए कूटनीतिक प्रयास शुरू किये। इस प्रयास का उद्देश्य आतंकवाद पर वैश्विक दोहरे मानदंडों पर जोर देना भी था, जबकि कुछ देश राज्य प्रायोजित आतंकवाद की ओर आंखें मूंद लेते हैं, जबकि आतंकवाद के अन्य रूपों की निंदा करते हैं। सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने की आवश्यकता को रेखांकित करने की आवश्यकता है। संसद सदस्यों के 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजने की सरकार की पहल अब वैश्विक पहुंच के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय राजधानियों तक पहुंच गयी है। इसका लक्ष्य पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख प्रस्तुत करना है।

> आऊटरीच प्रतिनिधिमंडल में विपक्ष को शामिल करने का भाजपा का आश्चर्यजनक कदम लोकतंत्र के लिए एक स्वागत योग्य कदम है।

'एक संदेश, एक राष्ट्र, एक भारत' अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल 33 देशों का दौरा करेंगे। उल्लेखनीय व्यक्तियों में शशि थरूर और आनंद शर्मा (कांग्रेस), बैजयंत पांडा और रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जद-यू), श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना), कनिमोझी (द्रमुक) और सुप्रिया सुले (राकांपा) शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल राजनीतिक नेताओं और बुद्धिजीवियों सहित कई लोगों से बातचीत करेगा। वे आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए वैश्विक समुदाय से समर्थन हासिल करना चाहेंगे। यह एकजुट चेहरा, जहां भाजपा, विपक्ष और मुस्लिम समुदाय आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के बारे में एक स्वर में बोलते हैं, न केवल नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, बल्कि भारत के संकल्प के बारे में वैश्विक समुदाय को आश्वस्त भी करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मई को राजस्थान में घोषणा की, 'मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा ही रहेगा, लेकिन मोदी का खून गर्म है और अब मोदी की रगों में खून नहीं, बल्कि गरम सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान को हर आतंकवादी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकायेगी।' यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने विदेश नीति के मुद्दों पर विपक्ष को साथ लिया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव (कांग्रेस), एबी वाजपेयी (भाजपा) और डॉ मनमोहन सिंह ने पहले भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। राव का मानना था कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए मुख्य विपक्षी नेता को भेजने का अपना प्रभाव होता है।

मोदी सरकार और विपक्ष के कई मुद्दों पर एकमत न होने के बावजूद, सरकार ने इस बार वैश्विक आऊटरीच प्रयासों में शामिल होने के लिए विपक्ष को आमंत्रित किया।

आऊटरीच प्रतिनिधिमंडल में विपक्ष को शामिल करने का भाजपा का आश्चर्यजनक कदम लोकतंत्र के लिए एक स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि इससे बहुध्रुवीय दुनिया में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सरकार की पहल का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करना है। इसके अलावा, यह राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार का समर्थन करने के लिए विपक्षी दलों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। विविध विचारों को शामिल करना भारत के कूटनीतिक प्रयासों के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी सांसदों को शामिल करके अपने 'ऑपरेशन सिंदूर' की आलोचना को कम करने का प्रयास कर रही है। द वायर के अनुसार, केरल से सीपीआइ (एम) के एक सांसद ने कहा कि हमारी भागीदारी दर्शाती है कि विपक्ष हमारे लोकतंत्र में एक अभिन्न भूमिका निभाता है।

एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हम सरकार का समर्थन नहीं कर रहे हैं हम पाकिस्तान से आतंकवाद के खिलाफ देश का समर्थन कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार का समर्थन करने पर सहमति जतायी है, लेकिन प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के चयन को लेकर भी उसे कुछ समस्याएं हैं। प्रतिनिधिमंडल महत्वपूर्ण राजनीतिक और विपक्षी नेताओं, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों से मिलेंगे। भाजपा द्वारा नीतिगत निर्णयों से मुसलमानों को बाहर रखने के साथ-साथ भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में अल्पसंख्यकों की वैश्विक चिंताओं के बावजूद, मुस्लिम सांसदों को शामिल करना एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। 59 सदस्यों में से 10 मुस्लिम हैं। मोदी सरकार अब केवल आधिकारिक बयान की तुलना में अधिक राजनीतिक वजन के साथ बहुलतावादी आवाज पेश करती है। फिलहाल, एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक अच्छा कदम है।

## कोल्हान की खबरें

### प्रणीत इलेक्ट्रॉनिक ने गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा का किया आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पिछले 21 वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में छबील सेवा (ठंडे मीठे जल, चना और प्रसाद का वितरण) का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रणीत इलेक्ट्रॉनिक के संपादक सतिंदर सिंह के नेतृत्व में बिष्टुपुर कमानी सेंटर के पास इस पुनीत सेवा के दौरान विशेष रूप से सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा नेता सतबीर सिंह 'सोमू', शैलेन्द्र सिंह, भगवान सिंह,सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान, बिष्टुपुर एवं साकची गुरुद्वारा कमिटी के सदस्य रविंद्र सिंह रिंकू समेत अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। छबील में श्रद्धालुओं और आम जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गर्मी के मौसम में सेवा स्थल पर सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच श्रद्धा एवं समर्पण भाव से ठंडा मीठा जल, चना और गुरुद्वारे का प्रसाद वितरण किया गया। सतिंदर सिंह ने कहा कि यह सेवा गुरु की शिक्षाओं और शहादत को स्मरण करने का माध्यम है। गुरु अर्जुन देव जी ने मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया वह आज भी प्रेरणास्रोत है।वही स्थानीय नागरिकों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए गुरुवाणी के सच्चे संदेश सेवा, समर्पण और सद्भावना को अपनाने का संकल्प लिया।

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्र में सनातन धर्म की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ वट सावित्री पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।सोमवार को शहर की महिलाओं ने उपवास में रहकर भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित पूजा अर्चना की।शहर के विभिन्न मंदिरों एवं वट (बरगद) वृक्ष के पास सुबह से ही सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली।महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से सोलह श्रृंगार कर पूजा स्थल पहुँचीं और लाल धागे से वट वृक्ष की परिक्रमा कर वृक्ष पर गांठ बांधी। इस दौरान वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर व्रत की बधाई भी देते नजर आयी। वही नवविवाहिता महिलाओं में व्रत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।महिलाओं में जो पहली बार इस पावन अनुष्ठान में भाग ले रही उन्होंने अपना अनुभव भी ताजा किया। इस अवसर पर पूरे शहर में वट सावित्री पूजा को लेकर भक्तिभाव का माहौल में महिलाएं लीन रही। व्रती महिलाओं में भक्ति, श्रद्धा और आत्मिक संतोष की झलक साफ नजर आयी।

### झारखंड गोजू रियु कराटे डू एसोसिएशन की बैठक में शामिल हुए मंत्री रामदास सोरेन

## घाटशिला में जून में राज्यस्तरीय टूर्नामेंट प्रस्तावित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** झारखंड गोजू रियु कराटे डू एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष आर रवि प्रसाद की नेतृत में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सह एसोसिएशन के चेयरमैन रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सह वर्किंग प्रेसिडेंट जुस्को यूनियन अमरनाथ तिवारी, मैनेजर स्किल डेवलपमेंट सेंटर टाटा मोटर्स नागेश चौधरी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एडीएल सोसाइटी वाई ईश्वर राव सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। बैठक के दौरान घाटशिला में 25-26 जून 2025 के लिए राज्य स्तरीय कराटे टूर्नामेंट का प्रस्ताव रखा गया। चेयरमैन सह रामदास सोरेन ने टूर्नामेंट को स्वीकृति प्रदान करते हुए आश्वासन दिया वे इसमें पूर्णरूप से सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखंड सरकार के खेल मंत्री कर द्वारा किया जायेगा। श्री सोरेन ने कहा कराटे एक आत्मरक्षा व अनुशासन की कला है। एल. नागेश्वर राव के नेतृत्व में एसोसिएशन द्वारा ट्राइबल क्षेत्रों में विगत वर्षों से बच्चों को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो सराहनीय है। श्री सोरेन ने कहा कराटे प्रशिक्षण राज्य के प्रत्येक स्कूल में अनिवार्य हो ताकि बच्चों में आत्मविश्वास व अनुशासन विकसित हो सके। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, सभी उपस्थित जनों ने आगामी टूनार्मेंट की सफलता के लिए सामूहिक योगदान का संकल्प लिया।इस अवसर पर संस्था के महासचिव संदीप कुमार, डायरेक्टर शहजाद कुरैशी, चीफ इंस्ट्रक्टर सरजु राम, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार एवं कार्यकारी सचिव एल. नागेश्वर राव,राज्यभर से आए जिलों के प्रतिनिधि,कस्तूरबा विद्यालय की महिला कोच, ब्लैक बेल्ट कोच, कोच प्रियव्रत दत्ता, करनिशा दास, सूरज कुमार गोंड, मुकेश कुमार, गौस खान सहित कई जिले के प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे।

## तीन युवकों से 14 लाख से अधिक की ठगी का आरोप, सौंपा आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र में तीन युवक से लाखो रुपिया की धोखाधड़ी का एक मामला प्रकाश में आया है। तीनो युवकों ने स्वर्णरेखा निवासी मनीष कुमार पांडे पर कुल 14 लाख 10 हजार रुपए की ठगी का आरोप लगाया। पीड़ितों ने आदित्यपुर थाना में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। आदित्यपुर 2 निवासी जॉनसन बेंजामिन ने बताया उन्होंने छह वर्ष पूर्व कोरोना काल में मनीष को 9 लाख 70 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी थी। इस लेन-देन के एवज में मनीष ने एक एग्रीमेंट और चेक भी दिया था। लेकिन जब वे पैसे वापस मांगते हैं तो उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और छेड़खानी के आरोप में जेल भेजने की धमकी दी जाती है। रायडीह बस्ती आदित्यपुर-2 निवासी विजय कुमार ने भी मनीष पर 4 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया मनीष ने तीन साल पहले मदद मांगी थी, जिसे एक साल में लौटाने की बात हुई थी। लेकिन अब पैसे मांगने पर उन्हें भी झूठे आरोप में फंसाने की धमकी दी जा रही है। विजय ने आरोप लगाया मनीष का पुलिस से अच्छा तालमेल है और वह दबाव बना सकता है।मानगो निवासी ताबिश अब्बासी ने बताया वर्ष 2019 में कॉलेज के दौरान मनीष ने 40 हजार रुपए उधार लिए थे। जिसे कुछ महीनों में लौटाने का वादा किया गया था। लेकिन अब तक उन्हें केवल 1500 रुपए ही वापस मिले हैं। बार-बार पैसे मांगने पर केवल टालमटोल करता और अभद्र भाषा का प्रयोग भी करता है।जब इस विषय में आरोपी मनीष कुमार पांडे से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। लेन-देन से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत मौजूद हैं। मुझ पर जानबूझकर ज्यादा राशि का दबाव बनाया जा रहा है। फिलहाल आदित्यपुर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मनोज सिंह समेत कई लोगों ने थामा जद (यू) का दामन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को कई लोगों को जनता दल (यू) की सदस्यता दिलायी। सदस्यता लेने वालों में भाजपा के पूर्व जिला कार्यसमिति के सदस्य सह पूर्व महामंत्री कदमा मंडल मनोज सिंह, भाजयुमो के कार्यालय प्रभारी (कदमा मंडल) संजीव सिंह, भाजयुमो के महामंत्री (कदमा मंडल) अजीत सिंह, अमर सिंह, मुकेश ठाकुर, बिपीन कुमार, भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष, कदमा मंडल राजा सरदार, भाजपा बूथ प्रभारी रवि रंजन, दिनेश कुमार एवं कदमा मंडल के पूर्व युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव निवास शामिल है। गौरतलब है ये सभी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में लगातार कार्यरत रहे हैं। जद (यू) में शामिल होने पर इन सभी का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की नई शराब नीति के विरोध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जमशेदपुर महानगर के द्वारा एलबीएसएम कॉलेज से करणडीह चौक तक आक्रोश मार्च निकाला गया।सोमवार को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शराब दुकान और बार खोलने के निर्णय के खिलाफ जमकर नारेवाजी की। इस अवसर पर करणडीह चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमेश बास्के ने सरकार पर आदिवासी समाज को नशे की ओर धकेलने का आरोप लगाया।उन्होंने शराब नीति को समाज की संस्कृति के खिलाफ बताया। भाजपा नेता राम सिंह मुंडा व अन्य वक्ताओं ने भी नीति की तीखी आलोचना करते हुए इसे आदिवासी स्वायत्तता पर हमला करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी यदि यह नीति वापस नहीं ली गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।मौके पर ईश्वर सोरेन, कुसुम पूर्ति, लव सरदार, गुलशन टुडू सहित अन्य आदिवासी नेता और समाज के लोग शामिल रहे।

### बिरसा हरित ग्राम योजना से किसानों को लाभ सीधे खेत से आम की खरीदारी में मिला उचित मूल्य



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड अंतर्गत दिघी पंचायत के लोआडीह गांव के किसान अशोक महतो को जिला प्रशासन की पहल और बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत एक बड़ी सफलता मिली है। उनके आम के बागान में इस वर्ष 1 टन से अधिक आम का उत्पादन हुआ, जिसे सीधे खेत से खरीदा गया। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई मार्केट लिंकेज पहल के तहत प्रतिष्ठित कंपनी आल से असोन्स फार्म फ्रेश ने श्री महतो के बागान से सीधे आम की खरीदारी की और उन्हें 18,400 का भुगतान किया गया। इस व्यवस्था के लिए श्री महतो को अपनी उपज के लिए बाजार जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी और उन्हें सीधे उचित मूल्य मिल सका।इस योजना से किसान को दोहरा लाभ मिला। बेहतर आय और समय व संसाधन की बचत हुई। श्री महतो ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा यदि सभी किसानों को ऐसा सहयोग मिले तो खेती न केवल आत्मनिर्भरता का साधन बनेगी बल्कि युवा भी कृषि की ओर आकर्षित होंगे। जिला प्रशासन का यह पहल बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

## गोदान का काव्य रूपांतरण हिंदी जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा : सुरेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** रांची स्थित स्वर्ण भूमि वेंकट हॉल में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य नागरिक अभिनंदन सामारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड के प्रांतीय महामंत्री सह पलामू के वरिष्ठ कवि और साहित्यकार राकेश कुमार नव सद्यः प्रकाशित पुस्तक गोदान काव्य रूपांतरण भेंट किया जाना गढ़वा और पलामू जिला के लिए गौरव पूर्ण क्षण रहा है। इस उपलब्धि पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष, शिक्षाविद कवि सह उपन्यासकार सुरेंद्र चंद्रवंशी सचेत ने बताया कि कालजयी उपन्यासकार प्रेमचंद की चर्चित उपन्यास गोदान का काव्य रूपांतरण हिन्दी जगत के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। साथ ही गढ़वा और पलामू की उर्वरक धरती से राकेश कुमार जैसे कवि का पैदा होना बहुत ही सौभाग्य की बात है। इससे अंतरराष्ट्रीय फलक पर दोनों जिला को नयी पहचान मिली है। उन्होंने गढ़वा जिला इकाई और सभी कवि साहित्यकारों की ओर से राकेश जी और रांची जिला इकाई को बहुत बधाई और ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। रांची जिला इकाई द्वारा यह पुस्तक भेंट की गयी।

# झारखंड में अपराधी निरंकुश और अपराध चरम पर है : वीडी राम

## शोक संतप्त परिवारों से मिले सांसद, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड के ग्राम लखेया और ग्राम रेजो में विगत दिनों वज्रपात से हुई शम्भू बैठा और धर्मेंद्र राम की दुःखद मौत पर उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया और उनके प्रति संवेदनायें व्यक्त की। सांसद श्री राम ने परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। वहीं मेराल प्रखंड के लखेया गांव में विगत दिनों नौजवान लड़का चंदन पासवान की हुई हत्या पर उनके परिवार से मुलाकात किया और उक्त मामले से संबंधित पदाधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं दोषियों को दंड दिलाने का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में आपराधिक घटनायें अपनी चरम पर है और अपराधी भी निरंकुश हैं। तदोपरांत सांसद मेराल प्रखंड के ग्राम गोंदा में भाजपा कार्यकर्ता नंदू कुशवाहा के विगत दिनों करंट लगने से हुई असमायिक मौत पर उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधया। वहीं मेराल स्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर लालमोहन के पुत्र तरुण देव के विगत दिनों वज्रपात से हुई दुखद मौत पर भी उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। सांसद श्री राम ने गढ़वा के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरी शंकर बिंद की बहू की लंबी बीमारी से हुई असमायिक मृत्यु पर उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदनायें प्रकट की तथा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय चौबे, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, सूरज गुप्ता, भोला चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष रूपु महतो, विजय गुप्ता, चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, अरविंद पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद में कलियुगी बेटे ने मां की कर दी हत्या

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के खपरो गांव में सोमवार को पारिवारिक विवाद में बेटे ने अपनी मां की कुदाल से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार रंका थाना क्षेत्र के खपरो गांव निवासी सदीक अंसारी की पत्नी बकरीदन बीवी का अपने पतोहू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान बकरीदन बीवी का बेटा नजरूल अंसारी वहां पहुंचा। अपनी मां को बहू से झगड़ते देख वह आपा खो बैठा और गुस्से में आकर पास में रखे कुदाल से अपनी ही मां के सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बकरीदन बीवी को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।


**न्यायालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–93/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक सादीया खातुन पिता–मो0 निजामुद्दीन, ग्राम–फुलसु, थाना–बालूमाथ, जिला – लातेहार वो सारा खातुन पति–सलामुन हक नाजीर अली लेन थाना–लोवर बाजार, चर्च रोड, रांची, जी0पी0ओ0, रांची द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल– 700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 44 | 123 | 0.13 |
| | | 39 | 0.11 |
| | | 27 | 0.36 |
| | | 141 | 0.25 |
| | | 138 | 0.11 |
| | | 137 | 0.05 |
| | | 124 | 0.10 |
| | | 119 | 0.61 |
| | | 121 | 0.18 |
| | | कुलः– | 1.90 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त– सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.353534 District(25-26):D


## जमीन विवाद में अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के बरवाही गांव में जमीन विवाद को लेकर रविवार रात एक 55 वर्षीय अधेड़ की तेज धारदार कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलते ही सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतक मुद्रिका यादव का अपने गोतिया परिजनों से जमीन को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था। रविवार रात वह अपने घर से कुछ दूरी पर गोशाला के पास मवेशियों के पास सोया हुआ था। सोमवार सुबह देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसे खोजते हुए गोशाला पहुंचे, जहां उसका शव खून से लथपथ पड़ा मिला। परिजनों के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग वहां पहुंचे और तुरंत घटना की सूचना रंका थाना को दी गयी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और संभावित हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन जारी है।

## एक देश एक चुनाव राष्ट्रहित में जरूरी है : उदय कुशवाहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में सोमवार को मेराल प्रखंड के अरंगी में एक देश एक चुनाव को लेकर किसानों के बिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने एक देश एक चुनाव के लिए एक साथ समर्थन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदय कुशवाहा ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्रहित में जरुरी है, इससे पैसा का बचत होगा जो देश के विकास में लगेगा। जिससे तरक्की के राह में भारत सबसे आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952, 1957, 1962, 1967, में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराए गया था। वर्ष 1983 में चुनाव आयोग ने भी एक साथ चुनाव कराये जाने का सुझाव दिया था। इसके बाद विधि आयोग ने भी 1999 की अपनी 170वीं रिपोर्ट में इस विचार को दोहराया था। अब नरेंद्र मोदी सरकार इस दिशा में कदम आगे बढ़ा रही है जो पुरी तरह देशहित में लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जबसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं, भारत लगातार प्रगति कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री भारत को हर मामले में सशक्त बना रहें हैं, जिसमें एक देश एक चुनाव लागू होने से भारत और आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में हर तरह का चुनाव जब एक साथ होगा तो बाकी समय सभी जनप्रतिनिधि मिलकर देश के उत्थान के लिए सामुहिक प्रयास करेंगे। जिससे देश आगे बढ़ेगा। प्रथम चरण में जब लोकसभा विधानसभा चुनाव एक साथ होगा तो जनता को प्रशासनिक समस्या से जुझना नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंगद कुमार, बलराम महतो, रामा प्रसाद बिंद, हरिओम प्रसाद महतो, जीतन महतो, मुस्लिम अंसारी, विजय कुमार कुशवाहा, लालदीप मेहता, संजय कुशवाहा, दिलीप कुमार, एस कुमार, मुकेश, लव, विजय, लखन कुमार, संजय कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।


**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–90/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता– स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना– बारियातु, जिला– लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 193 | 0.1033 |
| | | 213 | 0.2999 |
| | | 220 | 0.1367 |
| | | 272 | 0.0968 |
| | | 273 | 0.0633 |
| | | 112 | 0.2200 |
| | | 113 | 0.2433 |
| | | 46 | 0.2833 |
| | | 364 | 0.3600 |
| | | 206 | 0.0733 |
| | | 227 | 0.0866 |
| | | 151 | 0.0167 |
| | | 233 | 0.0494 |
| | | 250 | 0.1733 |
| | | 254 | 0.0700 |
| | | 326 | 0.0767 |
| | | 259 | 0.1833 |
| | | कुलः– | 2.5359 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353535 District (25-26)_D


## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से चार भैंस की मौत

सगमा (आजाद सिपाही)। बिजली विभाग की घोर लापरवाही विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से चार भैंस की हुई मौत। धुरकी थाना जानकारी के अनुसार बीरबल गांव निवासी लालमन यादव का भैंस सोमवार के दिन शाम लगभग पांच बजे घास चरते हुए बीरबल की सीमा पर स्थित बैलिया गांव के मोती मिश्रा के सिंचाई कूप के पास पहुंचे ही थे की बास बाली के सहारे लगा बिजली प्रवाहित लाइन की चपेट में आने से लगातार चार भैंस की मृत्यु हो गयी। ग्रामीणों ने मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा पूर्व जिपसदय नंदगोपाल यादव के साथ धुरकी थाना को दिया गया। सहायक अभियंता ने कनीय अभियंता से बात करने के लिए बोला, जब कनीय अभियंता को कई बार फोन लगाया, मगर कनीय अभियंता का मोबाइल स्विच आफ बता रहा था। उनका मोबाइल लाख प्रयास के बाद भी नहीं लग पाया। वहीं लाइन मैन बलराम कुशवाहा ने तुरंत लाइन को डिस्कनेक्ट किया, तब जाकर लोगों ने राहत की सास लिया। इधर ग्रामीणों ने इस घटना को बिजली विभाग की घोर लापरवाही मान रहे है। बताते चलें कि दोनों गांव में आधा से अधिक स्थानों पर बास बाली के सहारे लाइन चल रहा है। लोगों का कहना है कि तार पोल के लिए विभाग को दर्जनों बार लिखित आवेदन दिया गया है मगर गांव में लाइन अठारह वर्ष पूर्व से ही बास बाली के सहारे दर्जनों मोटर चल रहा है। मगर विभाग के द्वारा बिजली का पोल नहीं दिया गया। इस कारण प्रति वर्ष कही न कही नंगे तार से दुर्घटना होते रहता है, पर विभाग के लोगों का इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण लगातार इस तरह की घटना देखने को मिल रहा है। प्रभावित लालमन यादव के घर में लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## कांडी प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति काफी दयनीय



**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। अब तक प्रखंड के किसी भी गांव में कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए पीसीसी सड़क को तोड़ दिया गया है, लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी न तो सड़क की मरम्मत की गयी है और न ही ग्रामीणों के घरों तक जल कनेक्शन पहुंचाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, संवेदक द्वारा सड़क तोड़कर पाइपलाइन डाल दी गयी, लेकिन ढलाई का काम अधूरा छोड़कर वह लापता हो गया। गांव के सुदर्शन राम के घर से उस्मान अंसारी के घर तक की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह सड़क जिला अनाबद्ध योजना से बनायी गयी थी और पहले अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अब राहगीरों के लिए यह परेशानी का सबब बन गयी है। स्थानीय निवासी कृपा निधान गुप्ता, साबिर अंसारी, देवव्रत कुमार गुप्ता, केशव गुप्ता, दिलीप कुमार सहित कई अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाई जाए और जल कनेक्शन का कार्य पूरा किया जाये। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की स्थिति अन्य गांवों में भी देखने को मिल रही है। यह लापरवाही न केवल विकास कार्यों को सवालों के घेरे में खड़ा करती है बल्कि ग्रामीणों की मुश्किलें भी बढ़ा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## सरना धर्म कोड बिल मांग कार्यक्रम आज

रंका (आजाद सिपाही)। रंका झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय में सोमवार को सरना धर्म कोड बिल की मांग को लेकर आहुत 27 मई 2025 के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में उक्त तिथि को गढ़वा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की सहमति बनी वहीं झामुमो कार्यकर्ताओं से हजारों की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। इस मौके पर प्रखंड सचिव रतन सिंह, जिला सचिव संजय सिंह छोटू, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता आदि मौजूद थे।

# शहर से लेकर गांव तक सुहागन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित गांव में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु और सुख मय जीवन की कामना की। इस दौरान महिलाएं सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद परिक्रमा करते हुए धागा लपेट और बास से बने बना डुलाते हुए पूजा कर अपने पति की दीघार्यु और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना किया। वट वृक्ष के पास ही आचार्य पंडित द्वारा सावित्री और सत्यवान की कथा सुनते हुए प्रेरित किया कि कैसे सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण बचाई थी। कथा पूजन के पश्चात सभी अपने पति का आशीर्वाद लेने के पश्चात पारन किया। प्रखंड मुख्यालय में प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के बगल स्थित वट वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर में दर्शन पूजन के लिए भारी भीड़ देखी गयी।

## सुहागिनों ने किया वट वृक्ष का पूजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सोमवार को वट सावित्री व्रत धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर सुहाग के कल्याण और रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर प्रातः से ही महिलाओं का हुजूम प्रखंड के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। सुहागिनों ने इस व्रत के संदर्भ मेपूनम देवी, नेहा देवी, ललिता देवी,संगीता देवी, अंशु देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, आरती देवी, सरिता देवी, आरती देवी, मंजू देवी ने बताया कि पुरातनकाल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था तथा सदा-सुहागन रहने की मंगलकामना की थी। वट सावित्री व्रत नारी शक्ति और पति के प्रति समर्पण भाव का प्रतीक माना जाता है, जिसे पूरे श्रद्धा भाव से मनाया गया।

## डंडई : सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न गांव में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का पूजा अर्चना कर सुख शांति की मन्नत मांगी। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने बरगद के पेड़ में धागा बांधकर अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख शांति की कामना किया। सुहागिनों ने प्रसाद के रूप में फल फूल और श्रृंगार से जुड़े सामाग्री चढ़ाएं और सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा अर्चना के बद सुहागिनों ने वटवृक्ष क सात, ग्यारह और इकीस परिक्रमा कर वट सावित्री की पूजा संपन्न किया।


**e-Procurement Cell**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**CORRIGENDUM**

**e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-05/2025-26 Date:- 16.05.25, PR No-352780 Building (25-26)_D** Construction of Proposed Jharkhand Guest House at Puri Odisha for the year of 2025-2026 कार्य के लिए वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि, बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों सेसंशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.05.2025 | 05.06.2025 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 02.06.2025 | 12.06.2025 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि/समय | 03.06.2025 | 13.06.2025 |

शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department, Ranchi .

PR 353505 Building(25-26)D


## रंका में वट सावित्री पूजा का दिखा उत्साह



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार को वट सावित्री व्रत पूजा का काफी उत्साह देखा गया। वटवृक्ष और मंदिरों में सुहागिन महिलाओं की भीड़ लगी रही। सुहागिन दल महिलाओं ने सज धज व सोलहों श्रृंगार कर और श्रृंगार सामग्रियों को लेकर पूजा में पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ भाग लीं। इस वट सावित्री व्रत पूजा में महिलाएं वर के पेड़ के नीचे एकत्र हो कर निर्जला व्रत रख व विधिवत पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की।

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा



कांडी (आजाद सिपाही)। सोमवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र की सभी सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ वट सावित्री व्रत का पूरे विधि विधान से किया। इस अवसर पर क्षेत्र के चौबे मझिगावां, डूमरसोता, हरिहरपुर, लमारी कला, घटहुआं कला, सेतों, हरिगावां, सननी, अधौरा, खुटहेरिया, बलियारी सहित कई गांवों की महिलाओं ने प्रातःकाल स्नान कर शुद्धता के साथ सोलह श्रृंगार किये और देवताओं का आह्वान कर पूजा-अर्चना की।

## सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं द्वारा प्रति वर्ष की भांति पति की लंबी आयु एवं सुख समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत के अवसर पर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। जानकारों के अनुसार बरगद वृक्ष को चिरंजीवी कहा जाता है. बताया जाता है कि इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास है।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**अनुमति वाद संख्या–95/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सुजाता कुमारी पति–प्रकाश कुमार साहू पता–कुरलोंगा, पो0–सराधु टंडवा, चतरा, झारखण्ड वो प्रियंका देवी पति–रामसेवक कुमार पता–चेड़रा, मनातु चेडर, लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 32 | 111 | 0.80 |
| | | 134 | 0.21 |
| कुलः– | | | 1.01 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353532 District(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 मई, 2025
www.azadsipahi.in




# उग्रवादी संगठनों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई सराहनीय : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने लातेहार पुलिस की हाल के दिनों में उग्रवादी संगठनों के खिलाफ मिली बड़ी सफलताओं को सराहनीय बताया है। प्रतुल ने कहा कि जिम्मेदार विपक्ष का काम सिर्फ कमियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना नहीं होता है। अपितु अच्छे चीजों की प्रशंसा करना भी होता है। कहा कि लातेहार पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के समन्वय से माओवादी उग्रवादी संगठन के 05 लाख का इनामी सबजोनल कमांडर मनीष यादव मुठभेड़ में ढेर कर दिया और 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर कुंदन जी को गिरफ्तार भी कर लिया। प्रतुल ने कहा कि यह जानकारी मिल रही है कि मनीष यादव वही राक्षस था जिसने अपनी टीम के साथ शहादत पाये सुरक्षाकर्मी के पेट में बम को लगाकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। केंद्र सरकार के समन्वय से पूरे देश में उग्रवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। छत्तीसगढ़ का बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे इलाके में भी विकास की किरणें पहुंचने लगी है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला प्रशासन को ये सुनिश्चित करना चाहिए की दुरूह क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र निराकरण हो जाये और वह किसी दूसरी समानांतर व्यवस्था का सहारा नहीं लेने की सोचें। प्रतुल ने कहा कि वर्षों बाद यह आशा की किरण जग रही है कि लातेहार से आने वाले समय में नक्सलवाद का समूल नाश हो जायेगा।

# लोहरदगा में छह गाय के साथ तस्कर गिरफ्तार, वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में गौ तस्करी का एक नया तरीका सामने आया है, जिसमें तस्कर स्कॉर्पियो जैसे निजी वाहनों का उपयोग कर गौवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी कर रहे हैं। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के बाल्मीकि नगर के पास सामने आया, जहां पुलिस ने एक स्कॉर्पियो वाहन से लगभग आधा दर्जन गौवंशीय पशुओं को बरामद किया है। गौ तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लायी है, वहीं वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन के जरिए जिले में गौ तस्करी की जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू की। इस दौरान मिशन चौक के समीप स्थानीय लोगों ने भी सक्रियता दिखायी और स्कॉर्पियो वाहन को रोकने का प्रयास किया। पूछताछ से घबराकर चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन जल्द ही उसका एक टायर पंक्चर हो गया। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने पीछा कर बाल्मीकि नगर के पास वाहन को पकड़ लिया। गौ तस्करी की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## कुडू में बकरी चोर गिरोह का सदस्य गोटो गिरफ्तार

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र सहित समस्त लोहरदगा जिले के कई इलाके के पशुपालक लंबे समय से बकरी चोर गिरोह के आतंक से भयकरान्त है। पुरी तरह हाईटेक यह चोर गिरोह घुम रही या घरो में बंधी बकरियों को लक्जरी चौपहिया वाहन में लादकर ले जाते हैं। एक बार फिर ऐसा ही एक मामला कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी इलाके में प्रकाश में आया है। जहां चोरों ने सरफराज अंसारी के घर में बंधे चार बकरियों की चोरी कर बलेनो कार में लादकर चलते बने। इससे पूर्व भी करीब तीन माह पहले कुडू शहरी क्षेत्र से दिन दहाड़े ऐसे ही लक्जरी वाहन में चोरों ने तीन बकरीयो की चोरी कर ली थी। हालांकि इस बार एक चोर की सीसीटीवी में फुटेज की मदद से कैरो थाना क्षेत्र के चेरिमा गांव निवासी शहबान अंसारी के पुत्र जिब्राईल उर्फ गोटो आंसरी की शिनाख्त हुई। बकरियों के मालिक द्वारा पुछ ताछ करने पर गोली मारने की धमकी देने लगा, जिसे जम कर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने कुडू थाना कांड संख्या 60/25, धारा 303(2)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो बकरियों को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार गोटो ने चोर गिरोह में शामिल अन्य साथियों की जानकारी दी है। पुलिस इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## हमें फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए : डीएओ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि कार्यालय सभागार में बीज दिवस मनाया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक, सेंट्रल आइपीएम, मोहित सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा, दिनेश चंद, तकनीकी सहायक, एनएफएसएम, सभी प्रखंड से आये हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, नोडल लैंपस/ लैंपस, फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, बीज ग्राम संचालक, जिला कृषि कार्यालय के कर्मी एवं आत्मा के कर्मी तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित हुए। सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बीज दिवस के महत्व एवं इसे मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हमारे पूर्वजों के द्वारा जिस तरह बीजों को उत्पादन करने के उपरांत बीजों को अगले ऋतु में लगाने हेतु सुरक्षित रख लिया जाता था, उसी प्रकार हमें भी फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए। क्योंकि बहुत से फसलो की मूल प्रभेद की बीज लुप्त होती जा रही है। उपस्थित सहायक निदेशक के द्वारा अपने पारंपरिक बीजों को संरक्षित करने पर जोर दिया गया। इस खरीफ वर्ष 2025 में विभाग द्वारा आवंटित 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण की जाने वाली बीजों का प्रभेदवार चर्चा की गयी एवं अनुदानित दर की राशि से अवगत कराया गया साथ ही सभी उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों को सभी लैंपस, बीज ग्राम के सदस्य, कृषकों को विभाग द्वारा प्राप्त बीजों का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

# राशन कार्डधारकों के शिकायतों का निष्पादन हो : शबनम परवीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या, शबनम परवीन की अध्यक्षता में जिला परिसदन, लोहरदगा में बैठक की गयी। इस बैठक में उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायतों का निपटारा जिला में ही किया जाय ताकि अधिकतर मामले जिला में ही निष्पादित कर लिए जायें। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। कई बार शिकायतकर्ता कार्डधारी का नाम/ कार्ड डिलीट कर दिया जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। शिकायतकर्ता की शिकायतों का निवारण होना चाहिए ना कि उसका कार्ड डिलीट कर या उसके कार्ड अन्य दुकानदार के पास ट्रांसफर कर उसे सजा दी जाये। सभी पंचायतों में आकस्मिक खाद्यान्न कोष गठित है जिसका उपयोग करना चाहिए। कोष की कमी होने पर जिला से मांग की जाये। मुखिया लोगों के साथ बैठक हर माह की जाये ताकि इसकी जानकारी दी जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर पालिका पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### पीडीएस दुकानों में लगे सूचनापट्ट

**अध्यक्ष ने कहा कि कई दुकानों में सूचना पट्ट नही है जो नियमानुसार गलत है। उसमें दुकानदार की, कार्डधारकों की, योजनावार कार्डधारकों की जानकारी होनी चाहिए। जब कार्डधारी को राशन दी जाती है तो उसे दी जा रही राशन की जानकारी के लिए पॉश मशीन से निकलने वाली पर्ची दी जाय। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन और लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। पेशरार में जन वितरण प्रणाली की दुकान की मांग किये जाने पर अध्यक्ष ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से आयोग को सूचित कर मांग किये जाने का निर्देश दिया गया।**

## लापता मां को ढूंढने के लिए युवक ने पुलिस से मदद की लगायी गुहार



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी जहीरूद्दीन अंसारी की पत्नी रौशन बीबी बिते 23 मई से लापता हो गयी हैं। परिजनों से प्राप्त जानकार के अनुसार बीते शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे घर से निकली और वापस नही लौटी। परिजनों ने आसपास के गांव और रिश्तेदारों के यहां तलाश की लेकिन रौशन बीबी का कोई सुराग नही मिला। थक हार कर पुत्र इलियास पवरिया ने कुडू थाना में मां की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर मदद की गुहार लगायी है। परिजनों ने बताया कि महिला का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नही है।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री का लातेहार में हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल जन-जन के नेता आदरणीय रघुवर दास का आगमन जिला मुख्यालय स्थित होटल बजरंग के प्रांगण में हुआ। मालूम हो कि अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वे जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने पलामू जाने के क्रम में आज संध्या होटल बजरंग में उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से परिचय हुआ, उन्होंने कहा कि इस संपन्न झारखंड राज्य को भ्रष्टाचार, अपराध से मुक्त करना है। इस परिचय सत्र में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, प्रदेश नेत्री कल्याणी देवी जी, ओबीसी जिला अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि मिलन गर्ग शुक्ला, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, युवा मोर्चा पलामू प्रभारी रघुवीर यादव जी, भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी समेत अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मालूम हो कि पलामू जाने के क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## आज से लोहरदगा में विहिप और बजरंग दल का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में 27 मई से 11 दिवसीय अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन शीला देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लोहरदगा में किया जा रहा है। यह शिविर प्रदेश भर के 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के सनातन युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में लगभग 400 युवाओं के भाग लेने की संभावना जताई जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को अनुशासित सैन्य शैली में विभिन्न शारीरिक अभ्यास कराए जाएंगे, जिनमें रस्सी आरोहण, बंकर निर्माण, निशानेबाजी, दंड प्रहार, योग, ब्रिज चढ़ाई एवं अन्य बाधा पार तकनीकों का समावेश रहेगा। आयोजकों के अनुसार, प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए निशुल्क भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है। यह शिविर युवाओं में आत्मबल, सामाजिक जिम्मेदारी और धर्म के प्रति निष्ठा विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विहिप और बजरंग दल ने झारखंड के समस्त सनातन युवाओं से इस प्रशिक्षण वर्ग में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे देश, समाज और धर्म के सजग प्रहरी बन सकें।

## कुडू के दो चर्च में 107 किशोर - किशोरियों का हुआ पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू के टाटी स्तिथ आरसी मिशन संत विंसेंट पलोटी चर्च में 57 एवं एनडब्ल्यूजीइएल चर्च हाता टोली में 50 किशोर – किशोरियों का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। पलोटी चर्च में रांची धर्मप्रान्त के आर्च बिशप भीमसेंट आईंद, पल्ली पुरोहित फादर जॉन टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित अनिल बाखला, रायपुर से आए फादर प्रबल ने 32 लड़के और 25 लड़कियों को मिस्सा पूजा, परम प्रसाद ग्रहण सहित अनेक अनुष्ठान के बाद पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कराया। जबकि एंडब्ल्यूजीएल चर्च में पादरी शांति प्रकाश तिर्की और सिमोन टोप्पो ने 32 किशोर एवं 18 किशोरों का दृढ़ीकरण संस्कार कराया। आर्च बिशप ने अपने संदेश में कहा कि दृढ़ीकरण से अपने आप को मजबूती से धार्मिक जीवन जीने और गृहस्थ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। वहीं पादरी शांति प्रकाश तिर्की और सिमोन टोप्पो ने कहा कि यह दिन मसीही समुदाय के नवयुवक युवतियों के लिए अपने जीवन में बदलाव और प्रभु से लगाव के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का आगमन हमारे उद्धार के लिए हुआ है। उनका जीवन हम सभी को आपस में प्रेम, शांति सहयोग के लिए प्रेरित करता है। दृढ़ीकरण संस्कार के बाद युवक युवतियों के साथ आए लोगों ने सभी माला पहनाकर और उपहार देकर आगामी जीवन के लिए बधाई दी। मौके पर पौलूस मिंज, संत चार्ल्स की सिस्टर शबीना, मसीही समिति के धीरज कुजूर, ललित कुजूर, मुक्ति प्रकाश तिर्की, प्रदीप कुजूर, दयासागर लकड़ा, जीवन प्रकाश खाखा, उज्जवल बाड़ा, नीलम, सुनीता, कुमुदनी बाडा, रेखा कुजूर सहित अनेक गांव से आए सैकड़ों मसीही समुदाय के लोग शामिल थे।

## अपर समाहर्ता ने सभी अंचलों को राजस्व संग्रहण का दिया निर्देश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री मुंडा ने सभी अंचलों को लक्ष्यानुसार राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं कार्य में पारदर्शिता बनाये रखने पर बल दिया। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ठनका की चपेट में आने से बच्ची की मौत, चार घायल

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत के महुआमिलान गांव के तूपी टोला में लगभग तीन बजे वज्रपात में कुल पांच लोग चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गये। वज्रपात के चपेट में रेशमी कुमारी पिता स्व अग्नू गंझू की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि घायलों में करण लोहरा पिता मुनेश्वर लोहरा, अमर लोहरा पिता बबलू लोहरा एवं विनोद भुइयां की पुत्री सुचिता कुमारी, आरती कुमारी शामिल हैं। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से चारों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी और डॉ कंचन बाड़ा की देखरेख में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद करण लोहरा एवं अमर लोहरा को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घायल सुजीत कुमारी और आरती कुमारी का चंदवा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# शिविर में 308 लोगों की नेत्र जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के पहल से लातेहार प्रखंड के सांसग पंचायत भवन में आज दिल्ली के लेंस कार्ट फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परियोजना निदेशक आइटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह एवं उपस्थित पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर में लगभग 308 लोगों के आंखों की जांच की गयी। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गयी, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पायी गयी है उन्हे शीघ्र ही चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा।

इस दौरान परियोजना निदेशक आइटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए।

सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत ही जरूरी है। आंखों की बीमारी से बचने के लिए विटामिन युक्त भोजन लेना चाहिए। ताजा व हरी सब्जियां आंखों को उर्जा प्रदान करतीं हैं। आंखों में कुछ पड़ जाने पर रगड़ें नहीं। पानी से आंख को अच्छी तरह धो लें। बाहर धूप में निकलें तो चश्मा अवश्य लगाएं।

मौके पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज कुमार तिवारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, नेत्र चिकित्सक, दुर्गेश तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, माधवेन्द्र कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट, कमलेश कुमार, रोगी समन्वयक, चिकित्सा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## मसमानो में नौ दिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड के मसमानो गांव में नौ दिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। विद्वान ब्राह्माणों के मंत्रोंच्चारण और श्रद्धालुओं के अंतिम परिक्रमा के साथ यज्ञ वाटिका में अंतिम पूर्णाहुति हुई। महायज्ञ की शुरूआत के पहले दिन 521 कलश स्थापना से हुई थी। यज्ञाचार्य बनारस से पहुंचे आचार्य पंकज शास्त्री और विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान से महायज्ञ कराया गया। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पीठाधीश्वर पंडित दीनदयाल उपाध्याय आध्यात्मिक कथा का प्रवचन अनुकरणीय रहा। वृंदावन मथुरा से पहुंचे रासलीला मंडली द्वारा रासलीला रचा गया। रासलीला का सीधा प्रसारण युटुब चैनल में प्रसारित किया गया। मसमानो, बेदाल, बुड़का, टोटो, भैंसमुंदो, बरही, भंडरा, भौरों समेत आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने महायज्ञ मंडप की परिक्रमा की, प्रवचन सुने और रासलीला का आनंद लिया। बीच-बीच में बारिश से परेशानी जरूर हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आयी। साथ ही भंडारे का भी आयोजन हुआ। पूरे 9 दिन तक महायज्ञ की विधि-विधान में पंकज शास्त्री, रामदास शुक्ला, कमलेश तिवारी, बालाजी तिवारी, रूपेश चौबे, सुशील पांडेय सहयोग किये। श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष बल्केश्वर साहू, सचिव डॉ विजय साहू, उप सचिव मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष श्रीहरे मुरारी नाथ शाहदेव, उप कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, महामंत्री त्रिभुवन नाथ शाहदेव, संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, संरक्षक शुकरा पाहन, मुखिया ममता कुमारी सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह रेलवे क्लब मे स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को हुई। तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मे स्थानीय बच्चों के साथ धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गोमो पाठलडीह पतरातू धनबाद के लगभग 50 से अधिक बच्चे भाग ले रहें है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर वेलफेयर इंस्पेक्टर रंजीत कुमार नें बताया की लम्बे समय के बाद इस कार्यक्रम की शुरूआत होना के बेहतर भविष्य के लिए सार्थक पहल है उन्होंने यह भी कहा की यह एक शैक्षिक आंदोलन है जो छात्रों को व्यक्तिगत और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने में मदद करता है। यह उन्हें शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से विकसित करने में मदद करता है, ताकि वे तेजी से बदलते समाज के साथ सामना कर सकें। इस दौरान मौके पर वरिय अनुभाग अभियंता अगंध कुमार आसिफ इकबाल राजू, अमित वर्मा विश्वजीत मुखर्जी गौतम तिवारी प्रमाणिक तापस मुकेश कुमार आरुष गुप्ता शिव कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

# लोहरदगा में धूमधाम से मनायी गयी वट सावित्री पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पौराणिक मान्यता है कि इस वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी होती है, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इस दिन बांस की टोकरी में सप्त धान्य गेहूं, जौ, तिल, कांगनी, श्यामक, देव धन्य अर्पित करने का विधान है। वट सावित्री व्रत को लेकर नव ब्याहताओं में खासा उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही।

## पति का दीघार्यु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों में महिलाओं द्वारा वट सावित्री की पूजा धूम धाम से भक्तिपूर्वक किया गया। सोमवार को महिलाओं ने सुबह से ही पूजन की तैयारी में जुटी रहीं। जिसे सुहागीन महिलाओं ने सोलहों श्रृंगार कर बरगद पेड़ के समीप अपने पति का दीघार्यु के लिये देवी सावित्री और सत्यवान का पूजन की तथा दिन भर निर्जला उपवास रख कर अपने पति का लम्बी उम्र व जीवन रक्षा के लिए भगवान से मन्नत मांगी। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी गांवों में वट वृक्ष पर सुबह से ही महिलाएं पहुंच कर पूजा अर्चना करते हुए दिखाई दी। वही पुरोहित नर्मदेश्वर पाठक, अवनीश पाठक, राजेश पाठक और अरविन्द पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं को वट सावित्री पूजन कराया गया।

## भंडरा में महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना की। सुहागिनें दुल्हन की तरह सज धज कर वट के पेड़ के नीचे पहुंचीं और पूरे विधि विधान से पूजा की। प्रखंड के भंडरा चट्टी, भौरो, बेदाल, मसमानो, कुम्हारिया, आकाशी, अम्बेरा, बड़ागाई आदि गावों में सुबह से ही वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ जुटी रही।

## हुसैनाबाद में पाल संघ का गठन, रोहित अध्यक्ष एवं वीरेंद्र पाल बने सचिव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के रामबीघा मध्य विद्यालय के समीप मुन्ना पाल के आवास पर सोमवार को पाल संघ का गठन करने को लेकर बैठक हुई। इस दौरान 31 मई को मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के सफल संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके बाद पाल संघ का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रोहित कुमार पाल, उपाध्यक्ष उपेंद्र पाल, सचिव वीरेंद्र पाल, उपसचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष जीतेंद्र पाल, उप कोषाध्यक्ष बाबूलाल पाल, मीडिया प्रभारी अशोक पाल, उप मीडिया प्रभारी दिलीप भगत, संगठन मंत्री अनिकराज पाल, उप संगठन मंत्री दीपक कुमार पाल, संयोजक घुरा पाल, उप संयोजक जीतेंद्र पाल, संरक्षक राजेंद्र पाल, मुन्ना पाल, उदय पाल, जबकि सदस्य के रूप में दीपक पाल, रमन पाल, उगेश पाल, संतोष पाल, मनोज, बिमलेश्वर पाल और जगदीश पाल को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** वट सावित्री पूजा के अवसर पर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए सोमवार को वटवृक्ष की पूजा की। सतबरवा के टुनटुन मंदिर के पास दो वट वृक्ष है, जहां हर वर्ष सैकड़ो सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु होने के लिए निष्ठा पूर्वक पूजा करती है।

# छह महीने भी नहीं टिकी 1.18 करोड़ की लागत से बनी सड़क

## सड़क के बीचोबीच पड़ी दरारें, कई जगह सड़क गड्ढों में तब्दील

### ग्रामीणों ने पलामू डीसी को सौंपा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन, संवेदक पर की कार्रवाई करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** जिले के विश्रानुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एनएच-75 मुख्य पथ से केतात खुर्द तक पीसीसी सड़क का निर्माण एक करोड़ 18 लाख 73 हजार रुपये की लागत से हुआ था। हालांकि सड़क निर्माण के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितता बरती गयी थी। जिस कारण यह सड़क छह महीने भी नहीं टिकी। सड़क के बीचोबीच दरार पड़ने शुरू हो गये हैं। कई जगह तो यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू डीसी को एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी दिया है। जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन की अनदेखी की गयी। मानक के अनुसार कार्य नहीं किया गया। निर्माण कार्य में निम्न से निम्नतर सामग्री का इस्तेमाल किया गया। जिससे सड़क गुणवत्ताविहीन बनी। सड़क निर्माण के दौरान घटिया निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध भी किया था। लेकिन संवेदक द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने के झूठे केस में फंसाने का प्रयास किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं कनीय अभियंता को लिखित आवेदन देकर निर्माण कार्य में गुणवत्ता बहाल करने की मांग की गयी थी। लेकिन विभाग की ओर से संवेदक पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिस कारण संवेदक का मनोबल बढ़ा रहा और उसने सड़क का निर्माण मनमाने तरीके से कराया। यही कारण है कि उक्त सड़क निर्माण के छह महीने के भीतर ही दरक गयी। जगह-जगह सड़क में गड्ढे बन गये। ग्रामीणों ने डीसी से जांच के बाद संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।



सड़क के बीच पड़ी दरार और बना गड्ढा, पंसस रीना चौबे और ग्रामीण नवीन चौबे।

### संवेदक से राशि की रिकवरी की जाये : रीना चौबे

केतात कला पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप पूर्णतः सही है। संवेदक ने सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि को लूटा है। उससे राशि की रिकवरी करनी चाहिए, ताकि दूसरा कोई और संवेदक सरकारी राशि का बंदरबांट करने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके। वहीं, केतात कला ग्राम पंचायत निवासी युवा समाजसेवी नवीन चौबे ने कहा कि निर्माण के समय ही ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया था। पूरे मामले से विभागीय कनीय अभियंता को अवगत भी कराया था। बावजूद इसके कनीय अभियंता ने ग्रामीणों की एक न सुनी और संवेदक के पक्ष में खड़ा रहे। इसलिए संवेदक के साथ कनीय अभियंता पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# राजा मेदिनीराय मेडिकल अस्पताल की व्यवस्था बेहद खराब : अरुणा शंकर

- दारू घोटाला से बड़ा दवा घोटाला
- डॉक्टर के तीन घंटा लंच तक मरीज करते हैं इंतजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची में एक कोरोना के मरीज के मिलने के बाद राजा मेदिनीराय मेडिकल अस्पताल की तैयारी देखने अचानक मेदिनीराय मेडिकल अस्पताल पहुंच गयी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था देखकर हैरानी जतायी। कहा कि आज भी मेडिकल कॉलेज बनने के बाद ओपीडी में डॉक्टरो की कमी के कारण प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं मरीजों को देख रहे हैं। जबकि डॉक्टरों का तीन घंटे तक लंच होने के चलते ग्रामीण मरीजों को उनका इंतजार करना पड़ता है। कोरोना में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट का निष्क्रिय होना, महिला वार्ड में पानी तक की व्यवस्था नहीं होना, ऑर्थो ऑपरेशन थिएटर का मॉनिटर ही खराब होना, कोई भी वेटिंग स्पेस ना होना, डॉक्टरों द्वारा लिखी गयी दवा अस्पताल में ना मिलना, महिला डॉक्टर की कमी के चलते महिला रोगी बिना दिखाएं गांव लौटना, शौचालय का अत्यधिक गंदा होना, इमरजेंसी वार्ड का सीलिंग कभी भी गिरने की नौबत आया और उस पर किसी का ध्यान ना जाना इन सारी व्यवस्थाओं को देखकर प्रथम महापौर ने दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि क्या इसी व्यवस्था के लिए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी ने पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की थी। कल भी रेफर टू रांची का मोहर था आज भी रेफर टू रांची का ही मोहर है। प्रथम महापौर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व हमारे यहां नकली दवा अस्पताल में पकड़ी गई, लेकिन सरकार मौन है। इससे कई मरीजों का मर्ज बड़ा होगा और कई नकली दवा खाकर मृत्यु के नजदीक भी पहुंचे होंगे। पर सरकार इतनी बड़ी घटना में चुप्पी साधे है। प्रथम महापौर ने कहा कि यह शराब घोटाले से भी बड़ा दवा घोटाला है। प्रथम महापौर ने इन सभी चीजों को लेकर अधीक्षक डॉक्टर अजय कुमार से भी बात की पर वह अपनी व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए।

# पति, प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही की जाती है वट सावित्री पूजा : डॉ कौशल

## सदियों से होती आ रही है वट वृक्ष की पूजा : मुखिया पूनम

- पर्यावरणविद् ने वट सावित्री पूजा पर किया वट वृक्ष का रोपण
- कहा- जिस गांव में बरगद, पीपल, पाकड़ और नीम के पेड़ होते हैं उस गांव के लोग स्वस्थ और सुखी होते हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने सोमवार को वट सावित्री पूजा के अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ बरगद का पौधा लगाया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष, देवी सावित्री और सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के बाद पर्यावरणविद डॉ कौशल ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा करने की परंपरा सदियों से आ रही है। पर वट वृक्ष की पूजा करने का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा,विष्णु महेश का वास होता है। इतना ही नहीं जिस गांव में बरगद, पाकड़, पीपल और नीम के पेड़ होते हैं उस गांव के लोग स्वस्थ और सुखी होते हैं। डॉ कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में वट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। वहीं, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी, प्रकृति, सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरूआत की है। पर्यावरण धर्म के तहत सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग एकत्रित होकर पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते है। वहीं, संस्था की प्रधान सचिव एवं डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके पति सह पर्यावरणविद ने अपने घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ भाव से अपने निजी खर्चों पर पृथ्वी से प्रदूषण के सफाया के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधारोपण कर मानव के साथ ही 84 लाख योनि जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे है। इस मौके पर प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, प्रेमा पांडेय, रिमझिम सिंह, जयंती पांडेय, ज्योति सिंह आदि शामिल थीं।

# जपला आरपीएफ ने किया युवती का रेस्क्यू



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन डिग्निटी के तहत मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन परिसर से एक युवती का रेस्क्यू किया है। इस संबध में जपला आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि मोहम्मदगंज के ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर मोहम्मदगंज कैंपिंग स्टाफ आरक्षी छोटेलाल यादव ने पूजा कुमारी (18) का मोहम्मद गंज स्टेशन परिसर से रेस्क्यू कर आरपीएफ जपला पोस्ट लाया गया। वह बिहार के रोहतास जिले के डालमिया नगर थाना क्षेत्र के सखारा ग्राम की रहने वाली है। इसके बाद उसके परिवार को सूचना देने के बाद उसके पिता हरेराम राम को जपला आरपीएफ पोस्ट बुलाया गया। आरपीएफ ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर उसकी पहचान सत्यापित करने के बाद उपस्थित गवाह के समक्ष युवती को उसके पिता को सौंप दिया।

## सुहागिन महिलाओं ने की पति की लंबी आयु की कामना



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सौभाग्य का प्रतीक और घर की सुख-शांति और समृद्धि का स्रोत माने जाने वाला वट सावित्री व्रत सोमवार को हरिहरगंज एवं पीपरा प्रखंड क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं दुलहन के लिवास में सुबह ही वट वृक्ष के पास पहुंची और श्रद्धापूर्वक पूजा कर वट वृक्ष को चुनरी पहनाई। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा भी की। उनका विश्वास है कि वट वृक्ष की पूजा करने से उनके पतियों की उम्र लंबी होगी। वहीं, हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। विशेष रूप से गांव की महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर और स्थानीय गीतों के साथ इस पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की गई।

# पटना में आयोजित प्रजापति हुंकार रैली में शामिल हुए अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिहार कुम्हार समन्वय समिति के बैनर तले पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित प्रजापति हुंकार रैली में भारी संख्या में कुम्हार समाज के लोगों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक रैली में झामुमो के युवा नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान कुम्हार समाज की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक न्याय और माटीकला बोर्ड गठन जैसे अहम मुद्दों पर जोरदार आवाज उठाई गई। इस दौरान बिहार कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिव ने अविनाश देव को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि यह वही बिहार है, जहां से हर बड़े बदलाव की चिंगारी निकली है। काका कालेलकर आयोग से लेकर मंडल आयोग तक ने सामाजिक न्याय की नींव रखी, लेकिन कुम्हार समाज आज भी राजनीतिक उपेक्षा की शिकार है। यदि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' सच में लागू हो जाए तो कुम्हार समाज को भी उसका वाजिब हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में माटीकला बोर्ड का गठन हो चुका है, पर बिहार में अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि कुम्हार समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी प्रदान की जाए, ताकि सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। रैली में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से आए समाज के प्रतिनिधियों और नेताओं ने भी अपनी बात रखी और एकजुटता का परिचय दिया। कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो कुम्हार समाज दिल्ली की ओर कूच करेगा। समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष रूपेश एवं पिंटू के नेतृत्व में यह रैली बिहार की सड़कों पर सुनामी के रूप में नजर आई। अविनाश देव ने कहा कि यह एकजुटता भविष्य के चुनावों में निर्णायक साबित होगी और कुम्हार समाज को उसका हक दिलाए बिना दम नहीं लेंगे।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं: बीइइओ

### अजाप्टा हुसैनाबाद इकाई ने नवपदस्थापित बीईईओ का किया स्वागत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ (अजाप्टा) हुसैनाबाद के सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइइओ) राकेश कुमार से बीआरसी कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र शैक्षिक रूप से सदैव अग्रणी रहा है। विभागीय रिपोटिंग में भी बेहतर प्रदर्शन रहा है। शिक्षकों का मौलिक काम शिक्षण है जिसे शिक्षक दक्षता पूर्वक संपादित करतें हैं। आठवीं बोर्ड की परीक्षाफल, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना तहत ली जानेवाली मेधा छात्रवृति की परीक्षा ताजातरीन उदाहरण है। हुसैनाबाद सदैव जिला में अव्वल रहा है। इस काम में अभी तक के पदाधिकारियों का सकरात्मक सहयोग मिला है और आपसे भी अपेक्षित है। बीईईओ ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। विषम परिस्थितियों एवं उपलब्ध सीमित संसाधनों से यही वर्ग काम करना जानता है और अच्छी नियत एवं नीति की बदौलत इसे परिणाम में तब्दील करता है। मैं खुद शिक्षक रहा हूं और शिक्षक को होनेवाली परेशानियों से वाकिफ हूं। आपसब निश्चिंत रहें, सदैव शिक्षक संघ को विश्वास में लेकर काम करेंगे। शिकायत का मौका नहीं देंगें। गुणवतापूर्ण शिक्षा का पक्षधर हैं। अगर इसमें किसी प्रकार की गतिरोध उत्पन्न होती है तो अवश्य संपर्क करें। सभी प्रकार के सहयोग के लिए तैयार हैं। इस मौके पर वरीय शिक्षक सुरेंद्र राम, जिला संयुक्त सचिव गिरिवर राम, रंजीत कुमार, जितेंद्र राम, शंकर पासवान, रामलाल राम, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, परमानंद प्रियदर्शी, योगेंद्र पासवान, अनूप सिंह और बीआरसी कर्मी अभय सिंह आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा का अधिकार कानून का निजी विद्यालय सख्ती से अनुपालन करें: डीसी

## कहा, कानून का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द करने संबंधी होगी कार्रवाई

- रिक्त सीटों पर आगामी 30 दिनों के अंदर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराएं
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित सराने का निर्देश
- कहा- एआई बेस्ड प्रतियोगिता का होगा आयोजन
- डीसी ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की प्रगति की समीक्षा की




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के लिए गंभीर हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को जिले के निजी विद्यालयों में भी बेहतर शिक्षा ग्रहण कराने के लिए कड़ी पहल करने में जुटे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले के निजी विद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षाओं में निर्धारित सीट, शिक्षा के अधिकार कानून के तहत आवंटित सीट, स्कूल का नामांकन शुल्क संरचना, बस शुल्क, विद्यालय एवं बच्चों के परिवहन में लगे बसों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, वार्षिक शुल्क, मासिक शुल्क, स्कूल का यू-डायस, विद्यालय में सीसीटीवी का अधिष्ठापन आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रवेश कक्षाओं में बच्चों के नामांकन की प्रगति पर जिला शिक्षा अधीक्षक के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही शिक्षा के अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन कराने का निदेश दिया। उन्होंने निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने शिक्षा के अधिकार कानून का सख्ती से अनुपालन नहीं करने वाले विद्यालय प्रबंधन को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून के तहत रिक्त सीटों पर आगामी 30 दिनों के अंदर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने को कहा। कानून का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द करने संबंधी कार्रवाई करने का भी सख्त निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों का नामांकन नहीं लेने या नामांकन में उदासीन रवैया अपनाने वालों के विरूद्ध जुमार्ना लगाये जाने की कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। साथ ही स्कूलों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन और स्कूल बसों में फस्ट एड बॉक्स के साथ ही अन्य सुरक्षात्मक उपायों का प्रबंध करने का निर्देश दिया। डीसी ने विद्यालयों में भी नशीले पदार्थो के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। वैसे विद्यालय जहां कक्षा 9, 10 एवं 11 की पढ़ाई होती हो, उसके निश्चित परिधि के अंदर किसी भी नशीले चीजों की बिक्री की शिकायत नहीं मिलने की बातें कही। विद्यालय के आसपास विद्यालय प्रबंधन का भी इसपर नजर रखने एवं इससे संबंधित प्रत्येक माह रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया। वहीं विद्यालयों में एनिमिया टेस्ट कैंप आयोजित कराने का निदेश दिया। कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आगामी 15 दिनों के अंदर एआई बेस्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता सभी के लिए रहेगा। इससे विद्यार्थियों में एआई बेस्ड लर्निंग आकलन किया जायेगा।

# वाहन जांच के दौरान देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के पांकी प्रखंड के पिपराटांड थाना क्षेत्र में सोमवार को वाहन जांच के दौरान देशी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान शिवम कुमार और सतवंत कुमार सिंह के रूप में हुई है। शिवम लोथारवा ग्राम और सतवंत हरना ग्राम का रहने वाला है। उन पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वहीं, थाना प्रभारी राजवर्धन ने बताया कि क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया।

# डुमरी में बकरी चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने चार युवकों को पीटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/ गुमला।** डुमरी प्रखंड अंतर्गत बकरी चोरी के मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह चार बकरी चोरों को खदेड़कर जंगल से पकड़ा और जमकर पिटाई की उसके पश्चात सभी चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं चारों आरोपियों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में करने के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। सभी बकरी चोर छत्तीसगढ़ के बताये जा रहे हैं। आरोपियों में राहुल कुशवाहा (24) ग्राम रायकेरा, कोनाबेरा, थाना सीतापुर, जिला सरगुजा, गोलुआ खान (44) ग्राम बीमड़ा, थाना बगीचा, जिला जशपुर, गोलू खान (24) ग्राम अंबिकापुर, थाना कोतवाली, जिला सरगुजा एवं पुस्तक दास (21) ग्राम महेशपुर, थाना सीतापुर, जिला सरगुजा के रहने वाले हैं। ये चारों गोलुआ खान का हुंडई आई 20 कार से जिसका नंबर सीजी 13 जेड 9112 में बकरी लादकर भागने के दौरान कोकावल गांव घुसे, उदनी मुखिया डेविड मिंज ने इसकी जानकारी डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नवाडीह चौक में बैरिकेटिंग लगवाया बैरिकेटिंग देख चोर जावरागी की ओर निकले जहां लोगो के द्वारा सड़क पर बेरीकेटिंग किया गया था। जिसे देख चोर रजावल की ओर भागे जहां आगे सड़क नहीं रहने के कारण से गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भाग गये। पुलिस ने चोरों का पीछा करते हुए गाड़ी छोड़े जगह पर पहुंचे और गाड़ी के साथ दो बकरी को जब्त किया गया। उसके बाद गाड़ी को थाना लाया गया उपस्थित लोगों ने जंगल से सर्च चलाकर चोरों को खदेड़कर धर दबोचा और जमकर धुलाई की इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना में राहुल कुशवाहा को पूरे शरीर में गंभीर चोट लगी है एवं गोलुआ खान का दायां पैर टूट गया है, साथ ही गोलू खान का हाथ टूटा है। वहीं पुस्तक दास का बायां पैर टूट चुका है। इस संबंध में गोलू खान ने बताया कि हम तीनों को गोलुआ खान फोन करके अपने घर के पास बीमड़ा गांव में बुलाया था इसके बाद गोलुआ खान बकरी चोरी का प्लान बताया। फिर सभी कोई मिलकर उसी के हुंडई गाड़ी से रात 9 बजे निकले रास्ते में लोरो घाट के पास खाना खाए और चैनपुर होकर डुमरी घुसे। वहीं डुमरी पुलिस थाना में मामला दर्ज करते हुए गाड़ी को जब्त कर एवं आरोपियों से पूछताछ कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी है।

## चैनपुर में फा इसदोर टोप्पो के पुरोहिताइ जीवन के 25 वर्ष पूर्ण, मनायी रजत जयंती





चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर के सुखाड़ी गांव में सोमवार को फादर इसदोर टोप्पो के पुरोहिताइ जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती सह सिल्वर जुबली मनाया गया। इस दौरान मुख्य अधिष्ठाता कटकाही पल्ली के डीन फादर सुरेश तिर्की और फादर फिलमोन ने मिस्सा बलिदान अर्पित किया। फादर इसदोर टोप्पो ने अपने संदेश में कहा कि ईश्वर हमें विभिन्न तरीकों से प्रभु की सेवा और मानव की सेवा के लिए चुनते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर की महान कृपा से आज वे अपने पुरोहिताइ जीवन के पच्चीस वर्ष पूरे कर चुके हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से एक साथ मिलकर चलने का आह्वान किया। फा इसदोर टोप्पो ने उपस्थित बच्चों से कहा कि वे अच्छे से पढ़ाई करें और अपना भविष्य बनायें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मूल है। फादर सुरेश और फादर फिलमोन ने फादर इसदोर टोप्पो को पूरे जीवन में सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। बच्चों द्वारा एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर उपस्थित पुरोहितों, धर्म बहनों और अतिथियों ने फा इसदोर टोप्पो को पुरोहिताइ जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुखड़ी गांव में खुशी और उल्लास का माहौल था। मौके पर मुख्य रूप से फा अनिल, फा कॉसमस, फा अनूप, फा रेमिस, फा जेबरियानुस किंडो, फा मतीयस, फा मार्टिन, फा फुलजेन्स, फा कश्मीर केरकेट्टा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भीखमपुर लावा नदी में डूबने से नाबालिग की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के भीखमपुर लावा नदी में नहाने के दौरान योगेश थापा उम्र 16 वर्ष की डूबने से मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शी सिमोन मिंज उम्र 12 वर्ष ने बताया कि सुबह के 9 बजे सोनम थापा, योगेश थापा, अर्पण मिंज अपनी मम्मी के साथ लावा नदी नहाने आये हुए थे, उस वक्त हम भी लावा नदी में मौजूद थे। तीनों लोग नहाने के लिए नदी में उतरे जबकि उसकी मां नदी में उपर की ओर कपड़ा धो रही थी। तीनों लोग नदी में घुसते ही बहने लगे। जिसे देख हम बचाने के लिए नदी में कूद पड़े, उस वक्त तीनों बहुत ही घबराए हुए थे। सोनम थापा और अर्पण मिंज को हम किसी तरह बचा लिए जबकि योगेश थापा पुल के समीप गहराई में डूब गया और पुल के पिलर की ओर अंदर चला गया। जिसके बाद वह उपर नहीं निकल पाया। जबकि डूबने की खबर पूरे गांव में फैल गयी जिसके बाद गांव के ग्रामीण नदी की ओर भागते हुए आए और कुछ लड़कों के द्वारा बहुत देर तक नदी में खोज बिन भी करते रहे लेकिन योगेश थापा का कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं खबर लिखे जाने तक योगेश थापा बरामद नहीं हो सका था।

## घाघरा में महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



घाघरा (आजाद सिपाही)। वट सावित्री पूजा घाघरा समेत प्रखंड के कई गांव में सुहागन महिलाएं पूजा अर्चना की। इस क्रम में पुरोहितों द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ वटवृक्ष का विधि विधान से पूजा कराया। इस क्रम में देवाकी समेत अन्य गांवों की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए वटवृक्ष की परिक्रमा की। वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेकर हमेशा सुहागन रहने की कामना की। प्रथम बार वट सावित्री पूजा करने वाली नवविवाहितों में काफी उत्साह देखने को मिला। पूजा करते हुए उन्होंने भी वट वृक्ष का परिक्रमा की और भगवान से आशीर्वाद मांगा।

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा की



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर में सोमवार को वट सावित्री व्रत को लेकर सौभाग्यवती महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। चैनपुर के दुर्गा मंदिर, प्रेम नगर, पीपल चौक सहित विभिन्न गांव में भी वट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना की। व्रतियों ने अपने अचल सुहाग की कामना को लेकर वट वृक्ष (बरगद का पेड़) को मौली धागों से लपेटा। पंखा, झला व सिंदूर आदि से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। पौराणिक मान्यता है कि जेष्ठ माह की अमावस्या तिथि को सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण लौटाए थे। लकड़ी काटने के दौरान जब सत्यवान मृत हो गए तो सावित्री ने यमराज का पीछा करते हुए हठपूर्वक वरदान मांग कर अपनी पति की आत्मा को लौटाया। इस दौरान पति की मृत्यु देह वह बरगद के पेड़ से वह धागों से बांधकर रखी थी। वट सावित्री पूजा का महत्व इस बात में है कि यह पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस पूजा के माध्यम से महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। चैनपुर में वट सावित्री पूजा पूरी सादगी के साथ हुई। सुबह से घरों व वटवृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना शुरू की गयी। सुहागीन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।

## फरार माओवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा पुलिस ने माओवादी के हार्डकोर उग्रवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू पर दो मामलों को लेकर इश्तहार चिपकाया गया। इस दौरान घाघरा पुलिस चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला बांझीटोली स्थित उसके घर के अलावे चौक चौराहों में जाकर इश्तिहार चिपकाए। इस संबंध में एसआइ विकास कुमार ने बताया कि माओवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू के घर में इश्तिहार चिपकाया गया है। कांड संख्या 27/22 जिसमें तेंदार डूमर पाठ के जंगल से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया था व कांड संख्या 81/22 जिसमें जोकारी जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया था। इस दोनों घटना को लेकर माओवादी के रविंद्र गंजू के अलावे 20 से 25 अज्ञात उग्रवादियों के खिलाफ प्राथमिक के दर्ज हुई थी। लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर है। जिसके बाद न्यायालय से प्राप्त इश्तहार को उसके घर में चिपकाया गया।

## विद्यालय में शौचालय का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुरुम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरुम में जिला परिषद मद से बनने वाले शौचालय का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा किया गया इस शौचालय के बनने से विद्यालय के छात्र छात्राओं को सुविधा प्राप्त होगी। शौचालय के नही रहने से स्कूली छात्र छात्राओं समेत शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर विकास साहू, सरोज मिश्रा, पूर्व मुखिया दोरोथिया सोरेंग, सुमन सुरीन, मालती सुरीन, किरण, अभिराम कोंगाड़ी, सेनोज कोंगाड़ी, रायमन सुरीन, शिक्षक इलियास सोरेंग समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गुमला की बेटी आरोही ने कम उम्र में लिखी दो पुस्तकें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अदभुत प्रतिभा की धनी गुमला के सिसई रोड निवासी रूपेश खंडेलवाल और सीमा खंडेलवाल की 11 वर्षीय पुत्री आरोही खंडेलवाल ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। आरोही हिंदी में दो दिव्य पुस्तक लिखने वाली सबसे कम उम्र की लेखिका बन गयी है। आरोही दशावतार और गोकुल लीला नामक दो पुस्तक लिखी है। दोनों पुस्तकों का रवीना प्रकाशन 2025 में प्रकाशित किया गया। पुस्तक लिखने पर आरोही को ग्लोबल मैनेजमेंट काउंसिल अहमदाबाद की ओर से बेस्ट यंगेस्ट ऑथर ऑफ झारखंड 2025 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। आरोही



डीएवी स्कूल गुमला की छात्रा है।

**एसडीपीओ ने बच्ची को किया सम्मानित :** एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने आरोही की उपलब्धी पर सोमवार को उसे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुमला की धरती प्रतिभा से भरी हुई है। आरोही खंडेलवाल ने कम उम्र में कई उपलब्धी हासिल की है। जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

## अब प्रेरणा दीक्षित होंगी गुमला की उपायुक्त



गुमला (आजाद सिपाही)। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी अब पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के उपायुक्त हो गए। उनका तबादला गुमला से जमशेदपुर के लिए किया गया है। जियाडा के प्रबंध निदेशक प्रेरणा दीक्षित अब गुमला की नई उपायुक्त होंगी। झारखंड राज्य कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा 26 मई 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर भेजे गए हैं। वहीं प्रबंध निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, प्रेरणा दीक्षित को गुमला का जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त बनाया गया है।

## गम्हारपाठ गांव का उपायुक्त ने किया दौरा

# समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सोमवार उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत नरमा पंचायत स्थित गम्हारपाठ गांव का दौरा किया। लगभग 35 परिवारों वाले इस सुदूरवर्ती गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने करीब 1.5 किलोमीटर की दूरी पहाड़ों के बीच से पैदल तय की।

गांव पहुंचने के बाद उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ जनसभा का आयोजन कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पेयजल, विद्यालय की जर्जर स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्र की मरम्मती, सिंचाई की सुविधा, तालाब निर्माण, सोलर जलमीनार एवं नहर निर्माण की मांग की। उपायुक्त ने इन सभी समस्याओं के



समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आरइओ विभाग को गांव तक सड़क निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया एवं मनरेगा के माध्यम से टीसीबी, मेडबंदी इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही, ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, मातृ वंदना योजना, मैय्या सम्मान योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि के प्रति जागरूक किया गया। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह और महिला मंडलों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने, प्रशिक्षण प्राप्त करने और नए कार्यों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। गांव में उपस्थित 5 ब्रिजिया परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु भी विशेष चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा चबूतरा निर्माण, वन पट्टा, राशन कार्ड में नाम जोड़ने और संशोधन, आधार कार्ड अद्यतन आदि से जुड़ी समस्याएं भी रखी गयी, जिनके शीघ्र निवारण का आश्वासन उपायुक्त ने दिया।

## वट सावित्री की पूजा कर पति की लंबी उम्र की मांगी दुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाने वाला अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री की पूजा सिसई प्रखण्ड एवं पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुरोहित मुरारी पाठक ने विधिवत पूजा करते हुए कहा कि विवाहित स्त्रियां अपने पति की दीघार्यु एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए विवाहित महिलाएं निर्जला उपवास रखकर वट वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया करती हैं। इसी क्रम में विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष का परिक्रमा करते हुए वृक्ष के तने पर 108 परिक्रमा कर रक्षा सूत्र लपेटा और मन में पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं धार्मिक मान्यतानुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास होता है। यही कारण है कि इस व्रत में वटवृक्ष का विशेष महत्व मना गया है। पूजन के क्रम में विवाहित महिलाओं ने बताया कि यह पर्व स्त्रियों के सतीत्व, श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक बन गया है। इस दिन व्रत रखने से सभी सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य, संतति सुख और वैवाहिक जीवन में सुख शांति मिलती है।

## चैनपुर में मौसम के बदलाव से किसानों में खुशी की लहर



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर में पिछले 10 दिनों से मौसम का मिजाज बदलने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है। मेहनतकश किसानों के चेहरे पर खुशी दिखने लगी है, क्योंकि मानसून आने से पहले ही थोड़ी-बहुत बारिश हो रही है, जिससे किसान खेत को तैयार करने में जुट गये हैं। छतरपुर गांव में खेत जोत रहे किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में हुई बारिश खरीफ फसल उत्पादन के लिए अमृत समान साबित होगी। मई माह के पहले सप्ताह में हुई बारिश से खेत जुताइ का कार्य आरंभ हो गया है। मई में जुताइ की गयी खेत में सूर्य की तपिश के बाद मिट्टी से कीटाणु समाप्त हो जाते हैं और मिट्टी में उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है, जिससे खरीफ फसल उत्पादन में बढ़ोतरी होती है। किसान अलेक्स टोप्पो, सीताराम मुंडा, महादेव मुंडा ने बताया कि जिस वर्ष मई माह में बारिश नहीं होती है, उस वर्ष खेत की तैयारी समय पर नहीं हो पाती। इतना ही नहीं खेतों में लगायी गयी खरीफ फसल कीट के शिकार हो जाती है। किसान बंधन गिरी का मानना है कि मई माह में खेतों की जुताई होने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। फसल बुआइ के उपरांत फसल को खरपतवार से मुक्ति मिलती है, जो खरीफ फसल के लिए काफी फायदेमंद होती है।

## बैजनाथ जालान महाविद्यालय में शासी निकाय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में सोमवार को पीएम उषा कार्यक्रम के तहत शासी निकाय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने की। बैठक से पूर्व महाविद्यालय परिसर में पी एम उषा योजना से बन रहे भवन का निरीक्षण किया गया। जिसका कार्य प्रगति पर है। इसके पश्चात बैठक में महाविद्यालय की समस्या व वर्ष 2018 से बन रहे नये भवन जो बन कर तैयार है, पर अब तक कक्षा प्रारंभ नहीं हो पाने और इस कारण जर्जर भवन में ही कक्षा संचालन सहित महाविद्यालय के जमीन संबंधित समस्या पर भी चर्चा हुई। बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव, पूर्व खेल प्रभारी सलमान अली, शिवरतन साहु, मुनेश्वर साहु, पी एम उषा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुल्लू,अर्थपाल प्रो जेन सिसिलिया बारला, प्रधान सहायक सुरेश साहु, प्रो सोनिया कुमारी, डॉ पारंगत खलखो,डॉ निसार अहमद,प्रो सुदीप्ती खुशबू लकड़ा, डॉ प्रवीण बसंती,प्रो विनीता गुड़िया, प्रो करम सिंह ओडेया, दीपक कुमार उरांव, महताब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## तस्करों से जब्त किये 167 पशुओं का वैक्सीनेशन



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मीनू खलखो के नेतृत्व में चिकित्सा टीम बुधवार को जम्टी पिकेट पहुंची जहां पशु तस्करों से जब्त किये गये 176 पशुओं का स्वास्थ्य जांच वैक्सीनेशन किया किया गया। साथ ही प्रत्येक पशुओं पर विभागीय टैग लगाया गया। डॉ मीनू ने बताया कि तस्करों द्वारा क्रूरता पूर्वक मवेशियों को ले जाया जा रहा था जिससे कई मवेशी घायल हो गये थे। सूचना उपरांत मैं और मेरे टीम शामिल डॉ लोबीन श्वेता खाखा, डॉ तेज नारायण गुरु, डॉ अरुण उरांव,डॉ रौनाग सिंह, के द्वारा उक्त घायल मवेशियों का इलाज एवं वैक्सीनेशन किया। उन्होंने बताया कि बिशुनपुर पुलिस के द्वारा किसानों को उक्त मवेशियों को जिमे नामा पर दी जाएगी घायल मनवेशियों के लिए दवा भी उपलब्ध करा दी गयी है। जानकारी हो कि थाना क्षेत्र के घनघोर नक्सल प्रभावित रहे जम्टी गांव में तस्करी के लिए ले जा रहे 176 मवेशियों को बिशुनपुर पुलिस के द्वारा जब्त किया गया है। जिसके उपरांत तस्करों द्वारा वेद पेपर नहीं दिखाई जाने पर प्राथमिक दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पशु लेने के लिए किसानों की संख्या बढ़ता देख अब तक पुलिस के द्वारा पशुओं का वितरण नहीं किया जा सका है। थाना प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार जरूरतमंद किसानों का चिन्हित किया जा रहा है जिसके बाद पशुओं का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा टीम में शामिल कृष्णकांत मिश्रा पुरन कुमार महतो कृष्ण सहदेव आयुष केरकेट्टा शशि कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स

देवघर से कुल 11 सदस्य टीम ने प्रतियोगिता में शिरकत की, जिसमें सुमित सिंह, जयराम कुमार पंडित, रंजन कुमार, विनोद कुमार खवाड़े, मनोज मरांडी, प्रेम सोरेन, सत्यम तांती, जितेंद्र यादव, संगीता कुमारी, रोहित बाउरी, एवं रंजुला कुमारी शामिल थी

# सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप : देवघर के जयराम और सुमित ने एक-एक पदक जीते, मनोज मरांडी चूके

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड एथलेटिक्स संघ और बोकारो जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ओर से 14 वीं राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन बोकारो में सिंथेटिक ट्रैक किया गया। प्रतियोगिता में देवघर के जयराम ने 10 किलोमीटर पैदल चाल और सुमित कुमार ट्रिपल कूद में कांस्य पदक जीता। वहीं मनोज मरांडी 200 मीटर दौड़ में पदक से चूक गये। मनोज को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। बताते चले कि प्रतियोगिता में लगभग 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया। देवघर से कुल 11 सदस्य टीम ने प्रतियोगिता में शिरकत की, जिसमें सुमित सिंह, जयराम कुमार पंडित, रंजन कुमार, विनोद कुमार खवाड़े, मनोज मरांडी, प्रेम सोरेन, सत्यम तांती, जितेंद्र यादव, संगीता कुमारी, रोहित बाउरी, एवं रंजुला कुमारी शामिल थीं। टीम के साथ प्रबंध कमेटी के चेयरमैन आशीष झा भी साथ थे। आशीष झा ने कहा कि जो गलती खिलाड़ियों ने की है, उसे काफी नजदीक से देखा। कोच के साथ वार्ता कर पदक से चूकने वाले खिलाड़ियों पर कार्य किया जाएगा, ताकि आगे उनका प्रदर्शन बेहतर हो सके।

**देवघर का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों होंगे सम्मानित: डॉ. सुनील खवाड़े**

देवघर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि खिलाड़ियों ने मान देवघर जिला मान बढ़ाया है, उनको सम्मानित किया जाएगा। अगले महीने जामताड़ा में होने वाले 14 एवं 16 वर्ष के चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के लिए एक सप्ताह का स्पेशल कैंप का आयोजन किया जाएगा। सिलेक्शन कमेटी और कोच के साथ बैठक कर जल्द रणनीति तैयार की जाएगी। सचिव मनोज मिश्रा, नीतू देवी, सुरेश साह, रवि केसरी, रामू चक्रवर्ती, डॉ अमित प्रसाद, प्रभाकर शांडिल्य, आशीष दुबे, निक्की झा, बंटी नंदन सिंह, नीतीश सिंह, अमित झा, प्रमोद यादव, राहुल कुमार, चंदन कुमार, गौरव कुमार, मनोज पांडेय, राजेश कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

# पुलिस की तत्परता से मिली चोरी की बाइक

**गोविंदपुर प्रखंड परिसर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी खराब**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को प्रखंड परिसर से चोरी हुई बाइक पुलिस की तत्परता से बरामद हो गयी। जानकारी के मुताबिक गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय से इस दिन पत्रकार दीनानाथ पांडेय की बाइक चोरी हो गयी। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत थाने में की। इसके बाद थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए पेट्रोलिंग पार्टी को प्रखंड परिसर में भेज दिया। संभवतः बाइक चोरी करने के बाद रैकी में लगे लोगों को जब यह पता चल गया कि बाइक पत्रकार की है तो पकड़े जाने के भय से ब्लॉक के उल्टा साइड में जीटी रोड पर सड़क किनारे बाइक छोड़कर चोर फरार हो गये। जिसे बाद में बरामद कर लिया गया। इसके बाद थाना से पहुंचे पुलिस पदाधिकारी विनय कुमार सिंह ने जब सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पता चला कि प्रखंड परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में वीडियो रिकॉर्ड ही नहीं हो रही है। इसके बाद सवाल उठ रहा कि जब ब्लॉक परिसर में जहां सरकारी संपत्ति पड़ी रहती है। बच्चों को दी जाने वाली साइकिल भी बाहर ही रखी रहती है। हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा होती है और सैकड़ो बाइक सवार ब्लॉक आते है। ऐसे संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे का नहीं चलना गंभीर सवाल पैदा करती है।

# मुंशी अपहरण कांड में एक और गिरफ्तार

## एक अन्य आरोपी अब भी फरार, पुलिस कर रही उसकी तलाश

**अपहरणकांड में अब तक कई लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया/बेरमो।** चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में विगत नौ जनवरी को नरकंडी कोनी नदी पर बन रहे पुल में कार्यरत मुंशी सजीव झा को फिरौती मांगने के उद्देश्य से अपहरण किये जाने के मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान महावीर सोरेन (40) के रूप में हुई है। वह हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना अंतर्गत चुरचू का रहने वाला है। चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार और टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में छापामारी की गई थी। थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर महावीर सोरेन को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि अपहरण कांड में पुलिस ने अबतक लगातार छापामारी की और कई बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हालांकि अभी भी एक आरोपी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। मौके पर चतरोचट्टी थाना पुअनि अनुप रंजन बखला सहित चतरोचट्टी थाना और टाटीझरिया थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



अपहरणकांड में पकड़े गये आरोपी की जानकारी देती पुलिस।

# झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र पहुंची डॉ आशा लकड़ा, सुनी लोगों की समस्याएं

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** झरिया के अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले दलित आदिवासी परिवार दशकों से पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर धनबाद पहुंची राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने सोमवार को लोदना अग्नि प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। अपनी टीम के साथ लोदना पहुंचीं डॉ लकड़ा ने कुजामा एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग का निरीक्षण किया। कोयला खदानों में चल रही मशीनों और अग्नि प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को समझा। इसके बाद लोदना स्थित रक्षा काली धाम भी पहुंचीं और मां काली के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनके संरक्षण को सुनिश्चित करना है। बताया कि आयोग का दायित्व है कि वह आदिवासियों के विकास और उनकी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे।


कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति ,कोडरमा
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

संशोधित सूचना

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के पत्रांक संख्या 566 (DHS) दिनांक 23/05/2025, PR NO 353352 के तहत निकाली गई walk in interview से संबंधित सूचना निम्न आंशिक संशोधन की जाती है ।

1 Walk in interview तिथि दिनांक 01/06/2025 की जाती है ।
2 क्रम संख्या 1 तथा 2 में निर्धारित उम्र की सीमा 70 वर्ष की जाती है ।
3. शेष सभी नियम और शर्तें लागू रहेगी ।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
DHS कोडरमा

PR 353483 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D


# उदय प्रताप सिंह ने 12वीं में स्कूल टॉपर अनुष्का को किया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच में 94 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने पर अनुष्का सिंह को पुष्प गुच्छ, शाल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उदय प्रताप सिंह ने अनुष्का के घर धैया खटाल, ललिता निवास जाकर माता गुड़िया सिंह एवं पिता पप्पू सिंह को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अनुष्का की मेहनत एवं उनके माता-पिता का संघर्ष रंग लाया। छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि अनुष्का ने सफल होकर अपने मां-पिता एवं समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है। आगे अनुष्का का सपना डॉक्टर बनकर समाज में अपना सार्थक योगदान देने का है। महिलाये एवं बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना परचम बुलंद कर रही है। अनुष्का की सफलता कई छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगा। इस दौरान उदय प्रताप सिंह ने अनुष्का के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर युवा संघर्ष मोर्चा के संयोजक एवं समाजसेवी दिलीप सिंह, कुंदन सिंह, मनोज राय, शंकर गुप्ता, पिंटू मोदी, अजय पांडेय, आशीष सिंह और अर्णव सिंह आदि उपस्थित थे।

# कराटे प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए 100 से अधिक छात्र-छात्राएं

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। शिविर झारखंड शारीनर्‌यू कराटे के मुख्य प्रशिक्षक शिहान राजकुमार और सह प्रशिक्षक सेंसेई शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें सेल्फ डिफेंस, जूडो, कुबोड़ो और आत्मरक्षा की अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा भी आयोजित की गई। इसमें कार्मेल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर प्रेमलता की उपस्थिति में सफल प्रतिभागियों को ब्लैक बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। ब्लैक बेल्ट पाने वालों में साहिल कुमार यादव, अमन कुमार यादव, आमिर रजा, आदिल बसर खान, सोनू पोल, उमंग रविदास, प्रियांश कुमार, सामर्थ्य, मधु कुमारी और सावन कुमार रजवार शामिल हैं। वहीं, प्रशिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें अभ्यास को कहा।

# खबर का असर : अंबेडकर चौक के समीप खराब भाल्व को ठीक कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर/बेरमो।** गांधीनगर अंबेडकर चौक के समीप झारखंड सरकार के नल जल योजना के मेन पाइप में कई दिनों से खराब पड़े भाल्व को अंततः विभाग के हस्तक्षेप के बाद ठीक कर दिया गया है। यह मरम्मत विभाग की त्वरित कार्रवाई और *आजाद सिपाही* में प्रकाशित विशेष रिपोर्ट के कारण हुआ है। बतातें चलें कि आजाद सिपाही ने खबर प्रकाशित किया था कि बीते 10 दिनों से भाल्व खराब रहने के कारण गर्मी के दिनों में हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जबकि कहीं पानी के बूंद-बूंद के लिए लोगों का हल्क सूख रहा है। समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद विभाग हरकत में आया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। रविवार को नल जल योजना एवं विभाग की मदद से भाल्व का मरम्मत कराया गया।




झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

शुद्धि–पत्र

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार का पत्रांक 929 दिनांक 21.05.2025 को जिला अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू के लिए प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना **(PR343892)** में **आंशिक संशोधन करते हुए कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, चंदवा के लिए पैकेज–03 को सम्मलित किया जाता है। निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 04.06.2025 तक विस्तारित की जाती है। निविदा खोलने की तिथि दिनांक 06.06.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से निर्धारित की जाती है। पूर्व में प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा के शेष नियम एवं शर्ते आदि यथावत रहेंगे।** निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 353491 Human Resource Developement(25-26)#D


# अवैध खनन और कोयला तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल पीबी क्षेत्र के पुटकी ए टाइप स्थित गेस्ट हाउस में सोमवार को पुटकी अंचल अधिकारी विकास आनंद की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें पुटकी अंचल अंतर्गत कोलियरियों, आउटसोर्सिंग कंपनियों, थाना-ओपी, सीआईएसएफ सहित विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान अवैध उत्खनन, कोयले का अवैध परिवहन, भंडारण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पुटकी सीओ विकाश आनंद, बीसीसीएल के पीबी, कुसुण्डा, पश्चिमी झरिया, टाटा सिजुआ के पदाधिकारी, महुदा सह मुनीडीह क्षेत्र के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर, भागाबांध ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार, मुनीडीह ओपी प्रभारी मनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# सामूहिक विवाह के लिए 11 जोड़ो के बीच बांटे गये शादी के परिधान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शिवम कॉलोनी स्थित गणपति इंस्टिट्यूट में सामाजिक संस्था पंख एक नई दिशा की सदस्याओं ने एक जून को आमंत्रण विवाह स्थल धईया में दहेज रहित 11 जोड़ो के सामूहिक विवाह की तैयारी पूरी तैयारी कर ली है। इस बीच सोमवार को सभी 11 जोड़ियों के बीच शादी के परिधान एवं अन्य सामग्री का वितरण किया। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताई कि इस सामूहिक विवाह का अगला कार्यक्रम 31 मई को मेंहदी एवं लेडीज संगीत का कार्यक्रम होना है। इसके अगले दिन यानी एक जून को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह गायत्री विधि विधान से किया जाएगा। इस अवसर पर सुषमा प्रसाद ने बताया कि शादी के लिए आज दिए गए परिधानों के अलावा शादी के दिन उन्हें गृहस्थी बसाने के लिए कपड़े बर्तन और पलंग आदि सामग्री भी दी जाएगी।


कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2025–26

15वें आबद्ध मद के तहत् वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवंटन से निम्न स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–03.06.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–05.06.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–05.06.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिशद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड सतगावां के समलडीह पंचायत के ग्राम नरायडीह में मेन रोड से सरकारी पाईन तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण | 150000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.353527 Panchayati Raj(25-26):D


# वट सावित्री की पूजा कर सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना

## सोलहों श्रृंगार कर पहुंची थी पूजा करने, वट वृक्ष की परिक्रम और रक्षा सूत्र बांधकर मांगा आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/पिछरी/बेरमो।** वट सावित्री पूजा के अवसर पर कसमार प्रखंड की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु और सुखी जीवन की कामना को लेकर सोमवार को वट सावित्री की धूम-धाम से पूजा की। वट के वृक्ष पर जाकर विधिवत पूजा करते हुए वट वृक्ष की सात परिक्रमा की और रक्षा धागा लपेट कर मन्नतें मांगी। इसके बाद वट वृक्ष को विभिन्न प्रकार के भोग लगाये।





### वट सावित्री व्रत एवं पूजा की मान्यता

मधुकरपुर निवासी पंडित बसंत कुमार तिवारी और पंसस पंडित इंद्रजीत कुमार पांडेय ने बताया कि सावित्री की तप, दृढ़ निश्चय और पति परायणता से प्रेरित होकर सुहागिन माताएं वर्षों से यह पर्व मनाती आ रही हैं। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री माता के पति सत्यवान की मृत्यु जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान हो गई थी। जिस पर सावित्री ने पति को जीवित पाने का दृढ़ निश्चय किया और पास के वट वृक्ष के नीचे अखंड तप किया। चूंकि धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष में ब्राह्म, विष्णु और महेश तीनों देवों का निवास होता है। जिस कारण सावित्री से तीनों देव उनके पति पारायणता से प्रसन्न हो गए और यमराज को उनके पति के प्राण को वापस करना पड़ा। पंडितों ने बताया कि वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। जिस दिन विधि पूर्वक श्रद्धा भक्ति के साथ वट वृक्ष की पूजा करने से सुहागिनों का सुहाग अखंड हो जाता है। उनके पति की कभी अकाल मृत्यु नहीं होती, साथ ही उनका जीवन सुख समृद्धियों से भर जाता है। दूसरी ओर, पिछरी के आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को पतिव्रता धर्म का पालन करते हुए सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजन कर अपने पति की दीघार्यु एवं स्वास्थ्य जीवन की कामना की। पिछरी पंचायत स्थित काली मंदिर परिसर बरगद पेड़ के निचे महिलाओं ने विधिवत वट सावित्री व्रत पूजन किया। कच्चा सूत का रक्षासूत्र वट वृक्ष में बांधा एवं पक्रिमा कर सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। बाद में फिर भींगा चना, कुछ धन और वस्त्र अपनी सास को देकर उनका आशीर्वाद लिया। महिलाएं व्रत रखकर वट वृक्ष के पास भक्ति एवं श्रद्धा के साथ उपवास रखकर पूजा की। सुहागिनों ने 16 सृगार कर पूजा की। इसके बाद पूजन प्रकिया को गोलू पांडेय ने विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूरा करवाया। इस अवसर पर गोलू पांडेय ने कहा कि वट सावित्री व्रत कथा एक पौराणिक कथा है, जो सावित्री और सत्यवान की प्रेम कहानी पर आधारित है। यह कथा पतिव्रता सावित्री की दृढ़ता और सत्यवान के प्राणों को बचाने के लिए यमराज से की गई उनकी बातचीत को दर्शाती है। इस दिन पत्नी अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखती है।

## वट वृक्ष के समक्ष पूजा के लिए सुबह से ही लगा रहा सुहागिन महिलाओं का तांता

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पति की दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए सुहागिनों ने सोमवार को वट सावित्री की पूजा की। ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि में मनाया जाने वाला यह पर्व सुहागिन पूरे विधि विधान के साथ मनाती हैं। बेरमो कोलांचल के सभी देवालय और बरगद के वृक्ष के पास सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जमा रही। फुसरो नगर परिषद के मेन रोड, रानी बाग, बेरमो ब्लॉक के समीप, मकोली, शारदा कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, करगली बाजार, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली गेट, घुठियांटाड़, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो, कल्याणी, ढोरी बस्ती के रेहवाघाट, बड़कीटॉड़, सोतारडीह, कदमाडीह, बालुबैकर, सिंगारबेडा आदि स्थानों में महिलाओं ने पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने बरगद पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। इसके बाद पंडितों से सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी। पंडितों ने बताया कि सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई थी। साथ ही अपने सास-ससुर का खोया राज्य वापस दिलाया था। उस दिन से सुहागिन महिलाए अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते आ रहे है।




जिला समादेष्टा का कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,कोडरमा

अति आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं कि पुलिस उप महानिरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा राँची के ज्ञापांक 486 दिनांक–10.03.2025 में प्रदत्त आदेश के आलोक में कोडरमा जिले के गृह रक्षकों का पुनःनामांकन कार्यक्रम दिनांक–14.05.2025 से दिनांक–22.05.2025 तक निर्धारित था, कतिपय कारणों से पुनः नामांकन तिथिवार कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। पुनः नामांकन समिति द्वारा पुनः नामांकन का संशोधित कार्यक्रम दिनांक–28.05.2025 से दिनांक–05.06.2025 तक निर्धारित किया गया है।

आवेदन करने वाले गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं कि पुनः नामांकन कार्यक्रम के अनुसार फार्म "अ" और "ग" जिला समादेष्टा के कार्यालय से प्राप्त करेगें एवं दोनों फार्मो को भरकर निर्धारित स्वअभिप्रमाणित अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए अपने प्रखण्ड के निर्धारित तिथि को पूरी वर्दी में जिला समादेष्टा का कार्यालय, कोडरमा में उपस्थित होकर पुनःनामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेगें।

फार्म "अ" और "ग" के साथ समर्पित अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के उपरांत पुनः नामांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। निर्धारित तिथि के बाद पुनःनामांकन हेतु किये गये किसी दावे पर विचार नही किया जायेगा।

फार्म – अ और फार्म–ग के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की सूची–

| क्र. स | अभिलेख/प्रमाण पत्र | क्र.स | अभिलेख/प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | हाल का खीचा हुआ चार पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो वर्दी में। | 6 | गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 2 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत जन्म तिथि, प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 7 | गृह रक्षकों की पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 3 | जाति प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 8 | पुनः नामांकन आवेदन के पूर्व के दो वर्षो में किये गये किन्हीं दो अवसरो पर डियूटी के दो कमान पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 4 | आवासीय प्रमाण – पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 9 | आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 5 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 10 | अद्यतन पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |

पुनःनामांकन का प्रखण्डवार एवं तिथिवार कार्यक्रम निम्नवत् हैं–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पुनः नामाकंन होने वाले गृह रक्षकों की संख्या। | पुनः नामाकंन की तिथि। | पुनः नामांकन के केन्द्र। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 39 | 28.05.2025 | जिला समोदष्टा का कार्यालय, कोडरमा |
| 2 | चन्दवारा | 49 | 29.05.2025 | |
| 3 | जयनगर | 43 | 30.05.2025 | |
| 4 | मरकच्चों | 58 | 31.05.2025 | |
| 5 | डोमचांच | 93 | 02.06.2025 | |
| 6 | सतगाँवा | 49 | 03.06.2025 | |
| 7 | शहरी क्षेत्र | 33 | 04.06.2025 | |
| 8 | छुटा हुआ | – | 05.06.2025 | |
| | कुल | 364 | | |

उपरोक्त पर उपायुक्त–सह–अध्यक्ष का पुनःनामांकन पर अनुमोदन प्राप्त हैं।

जिला समादेष्टा
–सह–
सदस्य
पुनःनामांकन समिति।
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कोडरमा

PR 353460 Home, Prison And Disaster Management(25-26).D

# पेड़ा गली में दखल दिहानी, मजिस्ट्रेट और पुलिस ने डिग्री होल्डर को दिलाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बैद्यनाथ मंदिर के पास पेड़ा गली में कोर्ट के आदेश पर दखल दिहानी की प्रक्रिया पूरी की गयी। पुलिस और मजिस्ट्रेट की देखरेख में डिग्री होल्डर विनोद कुमार केसरी को जमीन और दुकान पर उनका कब्जा दिलाया गया। यह दुकान बैद्यनाथ मंदिर के पास स्थित है, इस कारण जगह को कीमती माना जाता है। व्यवसायिक दृष्टिकोण से उक्त स्थान काफी उपयोगी है। डिग्री होल्डर विनोद कुमार केसरी ने बताया कि 2017 में उन्होंने सब जज-1 में केस फाइल किया था। 2022 में सब जज-7 की कोर्ट से उनके पक्ष में जजमेंट आया और 2023 में उनके पक्ष में डिग्री हुई। इसके बाद 2024 में फाइनल डिग्री हुई। इस दौरान समझौता की बात होने लगी। लेकिन हम लोगों को कब्जा नहीं मिला, तब जाकर 2025 में एग्जीक्यूशन फाइल किया गया, जिस पर सब जज-7 के आदेश पर सिविल कोर्ट के नाजिर ने जिला नजारत की टीम और पुलिस बलों के साथ दखल दिहानी की। इसके बाद हम लोगों को अपना कब्जा मिल गया। दखल दिहानी की प्रकिया सिविल कोर्ट के नाजिर मनोज झा की देखरेख में पूरी हुई। उन्होंने बताया कि सब जज-7 की कोर्ट में टाइटल एग्जीक्यूशन-3824 विनोद कुमार केसरी बनाम मोहन प्रसाद केसरी में आदेश प्राप्त हुआ कि डिग्री होल्डर को पोजिशन दिलाये। कोर्ट के आदेश के बाद जिला नजारत की टीम और पुलिस बलों के साथ संबंधित प्लॉट पर पहुंचे और डिग्री होल्डर विनोद कुमार केसरी की निशानदेही के आधार पर उनको कब्जा दिलाया गया। दखल दिहानी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21